




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**बेचना है**
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 165 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 30 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव, सरगुजा के प्रतीक बने राष्ट्रीय सचिव

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव किया गया। लोकसभा चुनाव के पहले एनएसयूआई द्वारा देशभर में आठ महासचिव और 21 सचिवों की नियुक्ति की गई है। वहीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सरगुजा संभाग से पहली बार छात्र नेता प्रतीक सिंह को स्थान देते हुए राष्ट्रीय सचिव की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को यह आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के द्वारा जारी किया गया।

नगर के वार्ड क्रमांक चार निवासी प्रतीक सिंह ने राजनीति की शुरुआत 2009 में एनएसयूआई के साधारण सदस्य के रूप में की। एक वर्ष काम करने के बाद महाविद्यालय एनएसयूआई का उपाध्यक्ष बनाया गया वही संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए 2010 में संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष में 2 वर्ष काम करने के बाद अविभाजित सरगुजा का जिला महासचिव बनाया गया इस पद पर भी 2 वर्षों तक प्रतीक ने कार्य किया।

2013 में जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष के रूप में प्रतीक ने 2013 से 2019 तक कार्य किया। इसके बाद प्रतीक को एनएसयूआई का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। इस पद पर प्रतीक ने 2021 तक कार्य किया। इसके बाद एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बड़ी जवाबदारी संगठन की ओर से मिली।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक बनने के बाद संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिये व दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण प्रतीक हमेशा संगठन के नजर में रहे जिस कारण उन्हें एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव के रूप में बड़ी जवाबदारी मिली।

### 17 किलो नशीला पदार्थ पकड़ाया

सूरजपुर। आचार संहिता लगते ही पुलिस चौक-चौराहों पर कड़ी निगरानी रखे हुए है। नशे के कोराबार से जुड़े लोगों के विरूद्ध भी लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस निगरानी के बावूजद बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने 17 किलो मादक पदार्थ जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत कुल 1 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। यह पूरा मामला चंदौरा पुलिस थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में थाना-चौकी की पुलिस नशे के कोराबार से जुड़े लोगों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी कड़ी में चंदौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि काबेरी ढ़ाबा के संचालक ने ढाबा में अवैध मादक पदार्थ डोडा एवं शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ढाबे की जांच की तो वहां भारी मात्रा में मादक पदार्थ मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

# महतारी या न्याय... फैसला करेंगी महिलाएं!

## आधी आबादी के फैसले से तय होंगे छत्तीसगढ़ में लोकसभा के नतीजे

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना की अपार सफलता के बाद कांग्रेस ने भी नारी न्याय योजना की गारंटी देते हुए महिलाओं का दिल जीतने की कोशिश शुरू की है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से ऐन पहले मोदी की गारंटी के रूप में महतारी वंदन योजना के जरिए महिलाओं को साधने की कोशिश की थी। पार्टी को इसमें सौ फीसद सफलता भी मिली। माना जाता है कि कांग्रेस को राज्य से सच्चात्युत करने में इस योजना की गारंटी ने अहम् भूमिका निभाई। अब इसी तर्ज पर कांग्रेस नारी न्याय योजना की गारंटी लेकर आई है। इसके तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रूपए दिए जाने का प्रस्ताव है। लेकिन यह तब होगा, जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आएगी। छत्तीसगढ़



में कांग्रेस के सांसद प्रत्याशियों ने इसके लिए महिलाओं को साधने की जुगत तेज़ कर दी है। बाकायदा नारी योजना के फार्म वितरित किए जा रहे हैं। वहीं, राज्य की भाजपा सरकार ने महिलाओं के खाते में महतारी योजना के तहत एक किश्त जारी कर दी है और दूसरी किश्त भी जल्द ही आने वाली है। ऐसे में महिलाओं को फोकस कर तैयार की गई इन गारंटियों का चुनाव के नतीजों पर सीधा असर पड़ने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। विधानसभा चुनाव में मात खाने वाली कांग्रेस इस बार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। पार्टी भी महिला वोटरों को लुभाने के लिए अब भाजपा की राह पर चल पड़ी है। पार्टी ने भाजपा को काउंटर करने के लिए अपनी योजना लॉन्च की है। भाजपा की महतारी वंदन योजना के मुकाबले कांग्रेस ने महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी योजना लॉन्च की है। जनता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ये तो चुनाव नतीजों में पता चलेगा लेकिन इतना तय है कि इस बार का लोकसभा चुनाव शानदार होने जा रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाताओं की संख्या है। यही कारण है कि कांग्रेस महिला मतदाताओं को साधने की तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस अपनी महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी को लेकर घर-घर पहुंचने की रणनीति बना चुकी है। पार्टी ने इसकी शुरुआत भी कर दी है।

### ...इसलिए महिलाओं पर फोकस

छत्तीसगढ़ में कुल मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 5 लाख 13 हजार 252 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 1 लाख 80 हजार 405 और महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 3 लाख 32 हजार 315 है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में पुरूष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या करीब 2 लाख ज्यादा है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने इसी आधार पर महिला प्रधान योजनाओं को लक्ष्य बनाया है। विधानसभा चुनाव में इसका प्रभाव साफ तौर पर दिखा और भाजपा को इसका पूरा-पूरा फायदा मिला, जबकि कांग्रेस महिला वोट-बैंक को दूर जाते हुए देखती रह गई। कांग्रेस का आरोप है कि महतारी योजना के तहत भाजपा जो 1 हजार रूपए दे रही है, उससे महीनेभर की सब्जी भी नहीं आती है। इसीलिए महिलाओं को हर महीने 8333 रूपए देने का वायदा किया गया है। हालांकि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अपने तर्क हैं। वे मतदाताओं के भरोसे पर जोर देते हैं। उनके मुताबिक, कांग्रेस ने अपने पुराने वायदों को ही पूरा नहीं किया है।

### भाजपा दे रही 1 हजार

विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 रूपए प्रतिमाह देने का एलान किया था। चुनाव के वक्त से ही फॉर्म भरवाने शुरु कर दिए गए। विवाद बढ़ा तो फॉर्म भरने पर रोक लगा दी गई। सरकार बनते ही भाजपा ने अभियान चलाकर महिलाओं के फार्म भरवाए। अब कांग्रेस ने भाजपा की इसी गारंटी की तर्ज पर लोकसभा चुनाव में महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी के तहत एक लाख प्रतिवर्ष देने का वायदा किया है। भाजपा ने कांग्रेस की इस योजना को बेवकूफ बनाने वाला बताया है। उसके मुताबिक, कांग्रेस पहले भी इस तरह के जाल में जनता को फँसाती आई है। सियासी मामलों के जानकारों का कहना है कि योजना ठीक है, लेकिन इसका फायदा कैसे जनता तक पहुंचेगा ये बड़ा मुद्दा होगा। मतदाता किस पर भरोसा करेंगे, यह अलग बात है। मोदी की गारंटी और कांग्रेस का दावा दोनों के बीच जनता चुनाव के वक्त ही अपना फैसला वोटों के जरिए देगी।

### दोनों दलों के दावे-प्रतिदावे

भाजपा मीडिया प्रमुख अमित चिमनानी ने कांग्रेस की गारंटी को छलावा बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले भी इस तरह की घोषणाएं करती रही है, जिसे पूरा करने में वो नाकाम रही। कांग्रेस दरअसल जनता का भरोसा खो चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में उसने महिलाओं को 500 रूपए देने का वायदा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद 5 रूपए भी नहीं दिए। ऐसे में 1 लाख कैसे देगी? चिमनानी ने कहा कि कांग्रेस की यह घोषणा स्वयं उसके लिए आत्मघाती साबित होगी, जबकि भाजपा पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने महालक्ष्मी योजना को महतारी वंदन योजना से 8 गुना बेहतर बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 3 महीने में महज 1 बार महतारी वंदन योजना की राशि दी है। जबकि कांग्रेस हर साल एक लाख रूपए महिलाओं को देगी। जो हर महीने 8333 रूपए होती है। भाजपा ने महिलाओं को सिर्फ झुनझुना पकड़ाया है।

### महिलाएं तय करती है नतीजे

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश में शराबबंदी का वायदा किया था। भले ही सत्ता में आने के बाद कांग्रेस शराबबंदी नहीं कर पाई, लेकिन चुनाव पूर्व किए गए इस वायदे का खासा असर नतीजों के रूप में देखने को मिला। इस चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने वोटिंग की और करीब 50 फीसद वोट पाकर कांग्रेस ने प्रदेश में सरकार बनाई। महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए ही 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने महतारी योजना की गारंटी दी। इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर वोटिंग की और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसके अलावा गैस और बिजली पर सब्सिडी, महिलाओं के खाते में सीधे पैसों का भुगतान जैसे कई और कारणों से महिला वोटरों को लुभाने की कोशिश हुई। हालांकि फिलहाल कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना महिलाओं के बीच यथोचित तरीके से नहीं पहुंची है, लेकिन एक बड़ा पेंच यह भी है कि योजना का लाभ तभी मिलेगा, जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। आम मतदाताओं में इसे लेकर संशय है।

## एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध, अधिसूचना जारी




श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## साली को प्रेमजाल में फांसकर करता रहा रेप

**गरियाबंद।** साली से प्यार का नाटक कर अनाचार करने वाले जीजा को देवभोग पुलिस ने धारा 376, 506 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला काफी चौंकाने वाला है, क्योंकि जीजा, साली को कॉलेज छोड़ने व अन्य बहाने से अक्सर अन्यत्र ले जाता था और अनाचार करता था। पीड़िता ने आरोपी जीजा को लेकर जो खुलासे किए हैं वह काफी चौकाने वाले हैं। बता दें कि कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ जीजा ने करतूत को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक, जीजा उसे अक्सर कॉलेज छोड़ने जाता था। 1 जनवरी को नए साल में घुमाने ले जाने के बहाने आरोपी ने रेप किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी लगातार डराकर वारदात को अंजाम देता रहा। पीड़िता ने बताया कि फरवरी माह में राजिम मेला फिर ओड़िशा ले जाकर किराए के मकान में रख दुष्कर्म करता रहा। घर लौटने पर पीड़िता ने अपने जीजा को अपनाने के लिए बोला तो जीजा ने साफइंकार कर दिया, जिसके बाद पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई, जिसके बाद थाने में शिकायत की गई।

## टिकट वितरण से नाराज कांग्रेस नेता ने खत्म किया अनशन, पार्टी नेताओं ने दिया आश्वासन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** लोकसभा टिकट वितरण को लेकर नाराज कांग्रेस नेता ने अनशन खत्म कर दिया है। बिलासपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने जगदीश कौशिक को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। जगदीश कौशिक ने अनशन खत्म कर कांग्रेस के पक्ष में काम करने की बात कही। नामांकन से पहले मांगों पर विचार करने का नाराज नेता को आश्वासन मिला है, आश्वासन पर जगदीश ने अनशन तोड़ दिया।



बिलासपुर लोकसभा से टिकट कटने के बाद बोदरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक आमरण अनशन पर कांग्रेस भवन के सामने बैठ गए थे, वह बिना खाना पानी के कांग्रेस भवन के सामने दो दिन से बैठे हुए थे और रात में भी वह यहीं सोए हुए थे। जगदीश कौशिक को मनाने और आमरण अनशन तोड़वाने कांग्रेस के कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया भी एक दिन पहले पहुंचे थे।

दोनो विधायकों के मनाने के बाद भी धरने पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक अपनी हठधर्मिता बरकरार रखे हुए थे। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं तक बात पहुंचाते हुए दोनों विधायकों ने कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक के विषय में जानकारी दी थी। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी हाई कमान तक बात पहुंचाने की बात कही थी इस मामले में 48 घंटे से बैठे अनशनकारी नेता जगदीश कौशिक की हालत खराब होने लगी थी, बावजूद इसके अपनी जिद नहीं छोड़ रहे थे और टिकट मिलने की उम्मीद रखे हुए थे। शुक्रवार को भिलाई विधायक देवेंद्र यादव कांग्रेस भवन पहुंचकर अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक को अपना अनशन तोड़ने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि तीन तारीख को लोकसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करना है तब तक वह इंतजार करें, हो सकता है कि पार्टी हाई कमान उनकी बात मानकर उन्हें प्रत्याशी बना देगी। देवेंद्र यादव के आग्रह पर नाराज कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक ने अपना अनशन खत्म कर दिया है।

## नकली पनीर की फैक्ट्री क्यों?

श्रीकंचनपथ




दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक में एक गांव है देमार। यहां पनीर एवं अन्य मिल्क-प्रॉडक्ट की फैक्ट्री है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गत दिवस यहां छापा मारा। छापे में दूध-पाउडर के साथ-साथ पाम तेल का पीपा, कॉस्टिक सोडा, यूरिया, एसेटिक एसिड और कुछ अन्य केमिकल मिले। विभाग ने लगभग 19 घंटे तक फैक्ट्री की पड़ताल की और इन वस्तुओं के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके अलावा अंडा के एक मिल्क पार्लर और भिलाई के एक डेयरी पर भी छापेमारी की गई। यहां से नमूने लिये गये हैं। अच्छा है कि यह छापा होली के बाद मारा गया। अब काफी दिनों तक वैसे भी इनके धंधों को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। गर्मियां शुरू हो गई हैं और गरिष्ठ भोजन से लोग वैसे ही तौबा करने वाले हैं। जिन्हें दिन भर धूप में घूमना होता है या कायिक श्रम करना होता है, वो वैसे ही गर्मियों में मठा और बासी का उपयोग करने लगते हैं। दरअसल, दुनिया भर में तेजी से लोग शाकाहार की ओर बढ़ रहे हैं। 21वीं सदी में शाकाहारी होने की परिभाषा भी बदल गई है। शुद्ध शाकाहारियों को अब 'वेजी' कहा जाता है। ये वो लोग होते हैं जो जानवरों से प्राप्त होने वाला कुछ भी ग्रहण नहीं करते। वेजी दूध, दही, छाछ, पनीर, मलाई, मक्खन तक से परहेज करते हैं। पर भारतीय शाकाहारी वेजी नहीं हैं। यहां शाकाहार का मतलब सात्विक भोजन से है। दूध, दही, मक्खन, मिठाईयां और पनीर सात्विक भोजन में शामिल हैं। इनकी जरूरतें पूरा करने के लिए भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। श्वेत क्रांति के बाद देश में दूध-दही की कोई किल्लत नहीं है। पर त्यौहारों में यह संतुलन गड़बड़ा जाता है। मिठाई की डिमांड में एकाएक 2-3 सौ गुना वृद्धि हो जाती है। सात्विक भोजन करने वाले भी कुछ अच्छा खाने के लिए पनीर की मांग करने लगते हैं। अब गाय को इंजेक्शन लगाओ या पानी पिलाओ, इस बढ़ी हुई मांग की पूर्ति नहीं की जा सकती। इस डिमांड को पूरा करने का एक ही तरीका है - सिंथेटिक मिल्क प्रॉडक्ट। इन्हें आप नकली कहो या वैज्ञानिक समाधान यह आपकी मर्जी। सालों पहले एक युवा उद्यमी से उसके दफ्तर में मुलाकात हुई थी। टेबल पर वह तरह-तरह की शीशियां लेकर कुछ प्रयोग कर रहा था। शीशे की एक नली से वह कभी इस शीशी से एक बूंद लेता तो कभी उस शीशी से। इसे वह अपनी हथेली की पीठ पर रगड़ता और फिर सूंघने लगता। जब मैंने इसका मतलब पूछा तो उसने मेरी हथेली की पीठ पर भी थोड़ा सा रसायन लगा दिया। जब मैंने उसे सूंघा तो वह शुद्ध देसी घी था। पूछने पर उसने बताया कि यह सीजनल बिजनेस है। जब-जब कुछ उत्पादों की डिमांड बेतहाशा बढ़ती है तो सप्लाई बढ़ाने के लिए विज्ञान की शरण में जाना पड़ता है। आप डिमांड कम कर दो, सप्लाई खुद-ब-खुद बंद हो जाएगी। यही चमत्कार है।




## संपादकीय

### वकीलों की दलील

चुनाव का आगाज होते ही देश में विभिन्न शक्तिशाली समूहों का सक्रिय होना जितना स्वाभाविक है, उतना ही विचारणीय भी। इस संदर्भ में गुरुवार को न्यायिक बिरादरी में जिस तरह की सक्रियता देखी गई है, उसने सहज ही सबका ध्यान खींचा है। अव्वल तो वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर चिंता जताई है। चिंता यह है कि एक समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है, जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। वकीलों के इस बड़े समूह ने देश के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा की है। कुल मिलाकर, सर्वोच्च अदालत को यह एहसास दिलाने की कोशिश है कि वह किसी दबाव में फैसले न ले।

> यह गौर करने की बात है कि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक समूह सक्रिय है, यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। वकीलों के इस पहले समूह के खिलाफ वकीलों का दूसरा समूह सक्रिय हुआ है, तो वकीलों के पहले समूह की ओर से जवाब आ चुका है।

वकीलों के बीच परस्पर आरोप-प्रत्यारोप भी काफी गंभीर व दुखद हैं, उनमें न पड़ते हुए हमें यह देखना चाहिए कि क्या वाकई कुछ वकील मिलकर न्याय को प्रभावित कर सकते हैं? हां, ऐसा हो सकता है। हमारी न्यायपालिका में यह तथ्य नया नहीं है कि बड़े लोगों के मामलों में अक्सर बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि सक्षम लोग न्याय पाने में दूसरों से कुछ ज्यादा संभावना रखते हैं। वकीलों का परस्पर द्वंद्व भी इसी ओर इशारा करता है। इसमें कोई शक नहीं कि न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं। फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है। ऐसे पत्रों की आलोचना नहीं की जा सकती, किंतु ऐसे पत्र विशेष रूप से न्यायमूर्तियों से ज्यादा सजगता व संवेदना की मांग करते हैं। लोकतंत्र में किसी दिशा से किसी मांग का उठना गलत नहीं है, पर ऐसी मांगों की पूर्ति संविधान के सुस्थापित दायरे में ही होनी चाहिए और ज्यादातर होती भी है।

इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान भी उल्लेखनीय है, उन्होंने एक तरह से 600 वकीलों के पत्र के अनुकूल टिप्पणी की है और यहां तक कह दिया है कि धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। मतलब, चुनावी मौसम में यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर आने वाले कुछ दिनों तक बहस जारी रह सकती है। मामला वाकई गंभीर है। ध्यान रहे, 600 वकीलों के पत्र में 'बेंच फिक्सिंग के मनगढ़ंत सिद्धांत' के बारे में भी चिंता जताई गई है, जिसके तहत न्यायिक पीठों की संरचना को प्रभावित करने और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का प्रयास शायद नया नहीं है। ऐसे में, यह जरूर कहना चाहिए कि देश में किसी भी स्तंभ या सांविधानिक संस्था का भाव-दोहन नहीं होना चाहिए। होना वही चाहिए, जो संविधान की रोशनी में सही हो।

## जल संकट पर नये सिरे से चर्चा हो

> पानी आवश्यकता ही नहीं, हमारे प्राणों से जुड़ा है। इसके लिए हम सबकी पहल जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में क्या देश और क्या दुनिया सभी को प्यासा ही गुजर करना होगा।

अनिल प्रकाश

अब इसमें बहस की जगह तो बची नहीं कि देश में पानी का संकट लगातार बढ़ रहा है। बेंगलुरु, जिसे भारत का सिलिकॉन सिटी कहा जाता है, में ये सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है और वहां ठीक वैसी ही स्थिति पैदा हो गयी है, जैसी कोपेनहेगन में थी, जहां पानी राशन में बिका था। असल में पानी, हवा और मिट्टी के प्रति हमने कभी समझ नहीं बनायी। लेकिन अब जब हालात बिगड़ने लगे हैं, तब हमारी बहस शुरू रही है। पानी हमारे लिए आवश्यक है, इसमें कोई सवाल नहीं है। जल बिन जीवन संभव नहीं है। प्रतिदिन दो से तीन लीटर पानी पीने का तो चाहिए ही। उसके अलावा 135 लीटर पानी की आवश्यकता हर व्यक्ति की है। पर 3.5 करोड़ से अधिक लोग आज इस देश में पानी के अभाव में जी रहे हैं और हमारी आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। करीब 812 करोड़ लीटर पानी का हम प्रतिदिन दोहन कर लेते हैं। ऐसे में सवाल यह भी पैदा होता है कि हमारी पानी की उपलब्धता क्या है।

साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5,000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1,486 से गिरकर 1,367 क्यूबिक मीटर हो जायेगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं. चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जायेगा। हमें 4,000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1,100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं. अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं।



जब इस्तेमाल किया गया भारी मात्रा में गंदा जल नदियों, जलाशयों या अन्य जल निकायों में जायेगा, तो कई बीमारियों को जन्म देगा। साल 2019 में करीब 23 लाख लोग असमय मौत के शिकार हुए थे। जब शहरों में 17 प्रतिशत की दर से आबादी बढ़ रही हो, तो उसी के अनुसार पानी की मांग भी बढ़ेगी और पानी प्रदूषित भी होगा। एक बेहतर आर्थिकी तभी संभव होती है, जब हमारी पारिस्थितिकी भी मजबूत हो। आज शायद कोई भी राज्य ऐसा नहीं है, जहां पानी का संकट किसी न किसी रूप में खड़ा ना हो। बिहार में पहले 1,200 से 1,500 मिलीमीटर बारिश होती थी, जो अब 800 मिलीमीटर रह गयी है। उसमें भी हम कितना पानी संरक्षित करते हैं, यह सवाल भी है। इसी राज्य में करीब 18 जिले ऐसे हैं, जो आर्सेनिक प्रदूषण की चपेट में हैं। यहां पानी की गंदगी के पीछे बहुत बड़ा कारण यहां की नालियां और घरेलू गंदा पानी हैं, जो सीधे नदियों और अन्य जल निकायों में जाकर मिलते हैं। बिहार में वन क्षेत्र भी कम है। यहां नदियां अवश्य हैं, लेकिन उनको सिंचित करने के लिए वन नहीं हैं। हरियाणा में मात्र 2.3 प्रतिशत वन है। यहां भूजल स्तर में कमी बड़ा संकट बन चुकी है।

हमारे देश में मानसून पानी का सबसे बड़ा स्रोत है। इसका संचय करने की व्यवस्था को लेकर सवाल हैं। कैच द रेन, अमृतसरोवर जैसे कार्यक्रम इंगित करते हैं कि सरकार इस पर गंभीर हुई है। लेकिन राज्यों के स्तर पर समुचित सक्रियता नहीं है। यह तो तय है कि आने वाले समय में अगर हम सामूहिक रूप से नहीं जुटेंगे, तो संकट बहुत गहरा हो जायेगा। हमें ऐसी समृद्धि चाहिए, जिसमें विकास के अलावा हवा, पानी और मिट्टी भी हो क्योंकि जीवन सुविधाओं से अधिक आवश्यकताओं पर चलता है। पानी आवश्यकता ही नहीं, हमारे प्राणों से जुड़ा है। इसके लिए हम सबकी पहल जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में क्या देश और क्या दुनिया सभी को प्यासा ही गुजर करना होगा। सबसे जरूरी यह है कि हम प्रकृति के उस रास्ते को भी समझें, जिसके अनुसार हम सबको पानी मिला। मतलब यह कि पानी का स्रोत और हमारी बसावट पहले एक साथ होती थी। जहां नदियां या जल निकाय होते थे, वहीं हमारी बस्तियां भी होती थीं क्योंकि पानी ही हमारी हर आवश्यकता की पूर्ति करता था। खेती-बाड़ी जैसी सभ्यता हो या पानी से जुड़े हुए अन्य सभी हमारे कार्य, पानी की सरल उपलब्धता हमारी बसावट का सबसे बड़ा आधार थी। किसी भी तरह की सभ्यता हो, नदियों, पोखरों, तालाबों के चारों तरफ घूमती थी। इनमें प्रकृति की ही सबसे बड़ी भूमिका थी। पर जब से मनुष्य ने अपने हिस्से का योगदान शुरू किया, जिसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा उसके अपने ही लाभ और आराम से जुड़ा था, तभी से पानी ने हमारा साथ छोड़ना शुरू किया।

अब देखिए, आज जंगल की तरह उगतीं अपनी बहुमंजिली इमारतों में हम पानी को धरती का सीना छेद कर ऊपर तक ले जाते हैं। लेकिन जिस तरह से सारी दुनिया में और अपने देश में भी, वह दिल्ली हो या चेन्नई हो या अन्य बड़े शहर, भूमिगत जल लगातार घटता चला जा रहा है। यही सबसे बड़ा कारण भी बन गया है कि हम आज क्या शहर और क्या गांव, हर ओर जल संकट की स्थिति पैदा हो रही है। गांव के संकट की बात यह है कि गांव में जो तालाब होते थे या कुएं, उनमें तो पानी घटा ही घटा, साथ में वनों के अभाव ने तमाम तरह की पानी के स्रोत को सूखा दिया। इसमें हिमालय के धारों हों या मैदान के तालाब या कुएं, सब कहीं किसी न किसी रूप में आज जल के अभाव में पहुंच चुके हैं। इसलिए अभी हमें नये सिरे से जल चर्चा की आवश्यकता है।

यह राष्ट्रीय चर्चा मात्र सरकारों के बीच में ही सीमित नहीं होनी चाहिए, इसमें घर, गांव और शहर एवं हर व्यक्ति का जुड़ाव आवश्यक है क्योंकि यह यहीं से निर्धारित होना चाहिए कि हम अपनी सीमित आवश्यकताओं को एक तरफतय करें और दूसरी तरफ हम किस तरह से अपने घर, गांव या शहर में पानी का संचय कर सकते हैं, जिसके लिए इंद्र देवता हमेशा हर वर्ष हमारे बीच में प्रकट होते रहते हैं। यही एक रास्ता है कि हम जल के संकट से अपने को बचा सकते हैं, अन्यथा जिस तरह से पानी घटता जा रहा है, वह हमें नष्ट कर देगा। हमें यह समझना होगा कि पानी के बारे में हाथ पर हाथ धरे निश्चिंत रहने का समय बहुत पहले बीत चुका है। अब कोई भी बहाना, लापरवाही या गलती करने का मौका हमारे पास नहीं है। इसलिए यथाशीघ्र हमें पानी के संबंध में एकजुट होकर सक्रिय होना आवश्यक है। जल के साथ-साथ हवा, मिट्टी, वन, पहाड़ आदि के लिए भी हमें सचेत होना चाहिए। विश्व जल दिवस के अवसर पर हम सभी का यही संकल्प होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## मुद्दा : महिलाओं में जागरूकता

> पिछले 30-35 वर्षों में जैसे-जैसे स्त्रियों में जागरूकता आई है, नये कानूनों के प्रति वैसे-वैसे उनके अंदर सदियों से दबे-कुचले होने, दोयम दर्जे की नागरिक होने का अहसास गहराया है।

कमलेश जैन

पहले वे इसे अपनी नियति मानती थीं, पर अब अधिकार। यह अधिकार खासकर शहरी, शिक्षित स्त्रियों ने समझा है। वे इस अधिकार को अब छीन कर, दूसरे पक्ष को कुचल कर, नेस्तनाबूद करना चाहती हैं। एक हिंसक प्रवृत्ति उनमें जाग गई है। यह घातक है समाज-देश के प्रति। वे जगें अच्छा है, अपना अधिकार भी पाएं पर दूसरे पक्ष को नष्ट करके यह अच्छा नहीं है। इसमें वे खुद भी कहीं की नहीं रहतीं। उनका भी परिवार नष्ट होता है। बच्चे तितर-बितर हो जाते हैं।

एक और बात भी है। वे ऐसा इसलिए करती हैं कि अकेली भी रहें तो तगड़ी एलिमनी या मेंटेनेंस लेकर, बिना काम किए अच्छा जीवन गुजार सकें। इस पूरे काम में उनके माता-पिता, भाई-बहन भी शामिल हो जाते हैं। वे उन्हें लड़ने-झगड़ने, अलग होने, बच्चा लेकर मायके बैठ जाने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में उन्हें सास-ससुर, देवर-ननद के लिए कुछ भी करना शुरू से बोझ लगता है। ससुराल जाते ही उनकी रट लग जाती है अलग रहो, मां-बाप को छोड़ो, मेरे घर के पास रहो या वहीं रहो। मेरे मां-बाप की वैसी सेवा करो जैसे अपने मां-बाप की करते हो। वे भी तुम्हारे मां-बाप ही हैं आदि-आदि। आज असंतुष्ट जोड़े लाखों में हैं।

शुरू-शुरू में लड़की ससुराल वालों पर दहेज का, भरण-पोषण के अधिकार का, घरेलू हिंसा का, तलाक का अलग-अलग मुकदमा, चार अलग-अलग राज्यों में करती तो विभिन्न तारीखों पर पति हमेशा इस राज्य से उस राज्य, नौकरी छोड़ भागते रहने को मजबूर हो जाता। माता-पिता को दुखी देखते, 498ए आईपीसी में पूरे परिवार को, नाते-रिश्तेदारों को जेल जाते देख हताशा में वह आत्महत्या भी कर लेता था। पति बचाओ आंदोलन दूर-दूर तक फैलने लगे। वे खुले में अपना ऑफिस भी नहीं चला पाते थे। यह उनके लिए शर्म भरी बात थी कि पत्नी से पीड़ित हैं। ऐसे वकील भी शर्माते थे, यहां तक कि न्यायालय पूरी तरह से वधुओं के पक्षधर लगते थे।

धीरे-धीरे अदालतों की भी आंखें खुलने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में देखा है कि स्त्रियों ने एक ही केस के 4-5 टुकड़े कर देश के 4-5 भागों में जाकर एक-एक केस करना शुरू किया है। पति चारों तरफ भागता हुआ, अपनी नौकरी, मानसिक शांति खोकर, परिवार को दुखी कर, हताश हो, 15-20 वर्षों में लुटा-पिटा सारी शर्तें मान नष्ट हो जाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय कहता है छह वर्ष होते-होते सर्वोच्च न्यायालय आओ और एलिमनी तलाक यहीं पाकर सारे झंझटों से मुक्ति पाओ। पर हैरानी की बात है कि वह ऐसा नहीं कह रहा कि एक ही मुकदमे में सारी बातें एक जगह कह कर सारे झगड़ों से मुक्त हो जाओ।

हाल का सर्वे कहता है- पिछले तीन सालों में देश भर में कार्यरत परिवार अदालतों में सवा तीन लाख से अधिक मुकदमे हुए हैं। यह खुलासा केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों से हुआ है। इसकी वजह पति-पत्नी के बीच अहं (इगो) बताया जाता है। हम इसी बात से संतोष किए जा रहे हैं कि विवाद बढ़े तो पर सबसे कम तलाक भारत में होते हैं। देश भर में 812 परिवार अदालत कार्यरत हैं जहां 11 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। परिवार मामलों में विभिन्न तरीकों के केस का अर्थ है- घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, तलाक, बच्चों की कस्टडी, दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, किसी भी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति की घोषणा, वैवाहिक संपत्ति का मामला, गुजारा भत्ता, पति-पत्नी में विवाद पर बच्चों से मिलने का अधिकार, बच्चों का संरक्षक होने का मामला आदि।

बीते तीन वर्षों में दाखिल घरेलू विवाद हैं-2021 में 4,97,447; 2022 में 7,27,587; 2023 में 8,25,502। बीते तीन वर्षों में निपटाए गए विवाद-2021 में 5,31,506; 2022 में 7,44,700 और 2023 में 8,27,000। ऐसा होने का मुख्य कारण है लड़कियों का ऐसे घर में विवाह करना जहां इकलौता लड़का हो, अमीर हो, अच्छी जॉब में हो, माता-पिता वृद्ध हों।

ऐसे घर में विवाह करने के बाद लड़की के माता-पिता लड़की को ट्रेनिंग देते हैं-छोटी-छोटी बात पर किच-किच करो, अलग होने की जिद करो, चार-पांच केस करो, जहां जाओ वहां एक केस अलग-अलग राज्य में, हो सके तो एक बच्चा पैदा करो, प्रेग्नेंट होते ही मायके चली आओ, आते ही बच्चे और अपना मासिक भत्ता मांगो, हम साथ हैं। जो लड़की बचपन से मायके में है, उसे वहां का परिवेश जाना-पहचाना लगता है, मोटे माल, संपत्ति की आशा में अब उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है मायके में। पर वह लड़की अपना भविष्य, अपने बच्चे का भविष्य नहीं सोचती। आसान जिंदगी की आशा में एक वीरान जिंदगी उसका आसरा देखती होती है। ऐसे में लड़कियां सोचें, सावधानी से आगे बढ़ें, केस करना है तो आपसी सहमति से तलाक लें, और जल्द अलग हो जाएं।

## हसीन सपने भर नहीं

> आंध्र प्रदेश और नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित दो अहम खबरें हैं। अमरावती की जनसभा में वे शिक्षा-स्वास्थ्य के अनेक उन्नत केंद्रों से राज्य को एक जीवंत हब बनाने का ऐलान करते हैं।

इनमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अनेक संस्थानिक उपहारों का पिटारा खोलते हैं-इस अंदाज में कि 'ये लीजिए,वो भी लीजिए। और बोलिए कि और आपको क्या चाहिए।' ऐसा दो ही स्थितियों में होता है-जब आप किसी को बेहद मूल्यवान और वजनदार मानकर उसको साधने में बिछ से जाते हैं या फिर किसी को अपने अस्तित्व का बेहद सगा मानते हैं। उसके स्वागत-सत्कार में कसर नहीं छोड़ना चाहते। वैसे चुनावी मौसम में यह दल-निरपेक्ष आम रवायत है।

पर भाजपा और नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में खास है। मंच पर इसके साक्ष्य थे-तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू और जनसेना के नेता। एनडीए के संयोजक रहे नायडू की सालों बाद एनडीए में वापसी हुई है। हालांकि नायडू भ्रष्टाचार के मामले, जिसके खिलाफ पीएम का अभियान है, में अभी पिछले महीने जेल से जमानत पर हैं। इस विडम्बना के बावजूद भाजपा और प्रधानमंत्री का भरोसा है कि वे इनके सहारे आंध्र प्रदेश की लोक सभा सीटों से '400 पार' जाने का पुख्ता इंतजाम कर लेंगे।

विधानसभा में भी कुछ सीटें लाकर गठबंधन सरकार का हिस्सा बन सकते हैं। पिटारा खोलने की यह पहली स्थिति है। यहां कर्नाटक की 25 सीटों की बड़ी भरपाई करनी है,जो कांग्रेस के कब्जे में है-तेलंगाना भी। केरल में भाजपा के नामलेवा तो एकाध हो गए हैं, पर वे सीटें लाने वाले अभी भी नहीं हैं। तमिलनाडु में भाजपा का अन्नाद्रमुक से अलगाव हो चुका है। इसलिए आंध्र और चंद्रबाबू भाजपा के लिए अभी एवं आगे के लिए अपरिहार्य हैं। योजनाओं की झड़ी की यह दूसरी बाध्यता है।

इस तस्वीर से बिल्कुल उलट है-तीसरी बार सत्ता में वापसी की प्रधानमंत्री की आस्ति। इसी आधार पर वे सत्ता में आने के 100 दिन बाद के कार्यक्रम बनाने का निर्देश अपनी कैबिनेट को दिया हुआ है। इसके आगे, वे आजादी की सदी 2047 तक देश के सर्वांगीण विकास का एजेंडा तैयार किए हुए हैं, जो सर्वे पर आधारित है। विपक्ष इस पर हंस सकता है और इसे मतदाताओं को बरगलाने का एक हथकंडा करार दे सकता है। एक मायने में ऐसा हो भी सकता है। पर योजना और क्रियान्वयन में सरकार जिस तरह से चली है, उसे देखते हुए इस प्रधानमंत्री की आस्ति को 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' मानने में कठिनाई है।

## जनता तो ऐसे ही सीएम चाहती है

देश में बहुत से राज्य हैं। हर पांच साल में चुनाव होते हैं और राज्यों के सीएम बदल जाते हैं। आजादी के बाद से सैकड़ों सीएम अब तक बदल गए हैं। बहुत सारे सीएम को तो जनता उनके गद्दी से उतरते ही भूल जाती है। कुछ सीएम को कुछ बरस उनके किसी काम के लिए याद किया जाता है। ऐसे सीएम बहुत ही कम होंगे जिन्हें जनता बरसों याद करती है। जब भी उनका जिक्र होता है तो उसकी तारीफ की जाती है। हां ये एक ऐसा सीएम हुआ जिसने वह काम किया जो कोई कर नहीं पाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ऐसे ही सीएम हैं, यूपी में अब तक बीस सीएम हो चुके हैं। इनमें ऐसे सीएम कम है जिसे उसके ऐतिहासिक काम के लिये याद किया जाए।सबसे कठिन काम करने के लिए याद किया जाए। आने वाले समय में यहां के वर्तमान सीएम योगी आदित्यनाथ को जनता सबसे कठिन काम करने के लिए याद करेगी क्योंकि योगी ने वह काम किया है जो कोई सीएम कर नहीं सका है। क्योंकि सारे सीएम तो मानते यही थे कि यूपी को माफिया व डान से मुक्त कराया ही नहीं जा सकता।

यही वजह है यूपी में उनके समय में अपराध नियंत्रण के काम हुए हैं लेकिन किसी सीएम ने विधानसभा में यह नहीं कहा कि माफिया को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। योगी ने ऐसा कहा ही नहीं करके भी दिखा दिया। यूपी के दो माफिया ही ऐसे थे जिनकों मिट्टी में मिलाने की कोई सोच नहीं सकता था। लेकिन योगी आदित्य नाथ के शासनकाल में अतीक अहमद के बाद मुख्तार अंसारी भी मिट्टी मे मिल गया है। तो इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। एक वक्त था जब यह दोनों माफिया किसी न किसी पार्टी से विधायक व सांसद हुआ करते थे और शासन प्रशासन इनकी ओर नजर उठाकर नहीं देख पाता था, इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज नहीं होते थे, होते तो कोई गवाही नहीं देता था। किसी मामले में दोनों को कोई जज सजा नहीं सुना सका। ऐसे दोनो माफिया का खात्मा तो कानूनी तौर पर हो नहीं सकता था। अतीक अहमद का खात्मा तो गैरकानूनी तरीके से ही हो सकता था और वैसे ही हुआ। उसकी मौत पर यूपी की जनता को एक बड़े माफिया से छुटकारा मिला था।

गुरुवार को एक माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की खबर है। कितनी अजीब बात है कि जिस माफिया के डर से लोगों को हार्ट अटैक आ जाता था, उसकी मौत योगी शासनकाल में हार्ट अटैक से हो गई। इसकी मौत के बाद यूपी की जनता को सबसे ज्यादा खुशी हो रही होगी कि चलो जिन माफिया को कोई सरकार मिटा नहीं सकी थी, वह योगी के समय मिट्टी में मिला दिए गए। वही पुलिस प्रशासन, वही अधिकारी, वही व्यवस्था और योगी के समय दोनों माफिया खत्म हो गए।

इसका मतलब क्या है, इसका मतलब है कि मुखिया में दम होना चाहिए माफिया को समाप्त करने का तो बड़े से बड़ा माफिया मिट्टी मे मिलाया जा सकता है। हर राज्य में ऐसे दो चार माफिया मिल जाएंगे। वह होते हैं इसलिए कि उनका सत्तारुण दल का संरक्षण मिलता है। सत्ता का संरक्षण मिलने पर ही ये एक दिन अपने राज्य के अतीक अहमद व मुख्तार अंसारी बन जाते हैं। सरकार से बड़े हो जाते हैं, कानून से बड़े हो जाते हैं। कोई योगी आदित्य नाथ आता है तो इनको मिट्टी में मिलाता है। कोई भी जन्म से योगी आदित्यनाथ नहीं होता है, योगी आदित्य नाथ जनता व राज्य के क्ल्याण के लिए बनना पड़ता है। योगी आदित्यनाथ भी चाहते तो यूपी के अन्य सीएम की तरह इनके सहयोग से चुनाव जीतकर शासन चला सकते थे। तब वह भी अखिलेश व मायावती की तरह सामान्य सीएम रह जाते। कुछ बरस बाद उनको भुला दिया जाता। आज योगी आदित्यनाथ को जनता माफिया के काल के काल के रूप में जानती है और आने वाले बरसों में भी इसी रूप में याद करेगी।

## भारत में रोजगार के अवसर

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) तथा मानव विकास संस्थान ने मिलकर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सन 2000 के बाद से भारत में रोजगार के उपलब्ध आंकड़ों का व्यापक विश्लेषण किया गया है। वर्ष 2012 तक यह सर्वे रोजगार और बेरोजगारी के सर्वेक्षणों पर निर्भर था और 2019 से 2022 तक के आंकड़ों के लिए रिपोर्ट ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण को प्राथमिक स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया।

चूंकि आंकड़ों के ये स्रोत पहले ही चर्चा का विषय बन चुके हैं इसलिए रिपोर्ट की विषयवस्तु है। संगठित क्षेत्र में वास्तविक पारिश्रमिक में ठहराव, कृषि रोजगार की ओर वापसी और महिला श्रम भागीदारी दर जो पहले गिर रही थी लेकिन हाल के दिनों में उसमें इजाफा हुआ जिसकी वजह प्रमुख रूप से स्वरोजगार और बिना मेहनताने का घरेलू कामकाज है। जबकि इस बीच बड़ी तादाद में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। आईएलओ ने दो अलग-अलग सर्वेक्षण को एक साथ लाकर अच्छा काम किया है परंतु आंकड़ों की सामान्य उपलब्धता को देखते हुए रिपोर्ट में सबसे अधिक रुचि उसके निष्कर्षों और अनुशंसाओं के कारण है।

रिपोर्ट पांच प्राथमिकताओं को चिह्नित करती है। पहली उत्पादन और वृद्धि को और अधिक रोजगार आधारित बनाया जाना चाहिए। दूसरी, रोजगार की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए और इसके लिए प्रवासन और नए दौर के क्षेत्रों मसलन केयर इकॉनमी (अनौपचारिक और अवैतनिक देखभाल की अर्थव्यवस्था मसलन महिलाओं द्वारा घर में किए जाने वाले काम) में निवेश करना होगा तथा श्रम अधिकार सुनिश्चित करने होंगे।

तीसरी, श्रम बाजार की असमानताएं जो महिलाओं, युवाओं और हाशिये पर मौजूद समूहों के लोगों को प्रभावित करती हैं, उनके लिए नीतियां तैयार करना। चौथी प्राथमिकता है कौशल प्रशिक्षण और सक्रिय श्रम बाजार नीतियों को बढ़ावा देना। पांचवीं प्राथमिकता है रोजगार को लेकर बेहतर और अधिक आंकड़े। निस्संदेह इनमें से कई अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। शायद ही कोई होगा जो समय पर और बेहतर आंकड़ों की जरूरत से इनकार करेगा। कुछ आंकड़ों पर जब करीबी नजर डाली जाती है तो सवाल पैदा होते हैं। मसलन असमानता को सीधे तौर पर कैसे हल किया जा सकता है? यह स्पष्ट है कि महिलाओं के घर या कृषि से बाहर रोजगार बढ़ा पाने में कमी कई बार सांस्कृतिक कारणों से भी पैदा होती है और कई अन्य मामलों में ऐसा अनुकूल माहौल तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं की वजह से भी है। इसके लिए बहुत बड़े पैमाने पर सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है।

बहरहाल सबसे अधिक सटीक अनुशंसा यह है कि उत्पादन को और अधिक रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र आधारित वृद्धि के रोजगार संबंधी लाभ रोजगार की मौजूदा चुनौतियों को पूरा कर पाने में सक्षम नहीं हैं। ऐसा इसलिए कि उद्योग और विनिर्माण में अपेक्षाकृत कम कुशल श्रमिक शामिल होते हैं जो खेती जैसे काम से बाहर निकलते हैं।

इस दलील को रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन तथा अन्य लोगों के हालिया तर्कों से जोड़कर देखा जा सकता है जिनका कहना है कि भारत के भविष्य की वृद्धि सेवा क्षेत्र पर निर्भर होगी। यह दलील देने वालों का कहना है कि तकनीकी नवाचार और स्वचालन ने विनिर्माण को प्रभावित किया है। अब यह अधिक पूंजी खपत वाला क्षेत्र है जबकि पहले यह श्रम आधारित था। मेहनताने को लेकर मध्यस्थता अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी नहीं रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी ऐसी ही प्रक्रियाएं काम कर रही हैं। कई लोगों ने यह भी कहा कि सेवा क्षेत्र कम कुशल लोगों के साथ प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यानी देश के नीति निर्माताओं के पास कुछ ही अच्छे विकल्प हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### महिला क्रिकेट का आगाज, होगा स्टेट ट्रायल

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के द्वारा आदेशित करने से जिला क्रिकेट संघ के द्वारा महिला क्रिकेट स्टेट ट्रायल के लिए टीम तैयार की जा रही है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 15, अंडर 19, अंडर 23 एवं सीनियर महिला खिलाडि़यों के लिए स्टेट ट्रायल राज्य में 5 स्थानों पर किया जाना है। जिला रायगढ़ को ईस्ट जोन छत्तीसगढ़ ग्रुप में रखा गया है। जिसमें बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चाँपा भी शामिल है। ईस्ट जोन का ट्रायल 7 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से किया जाना है। जो बिलासपुर के रघुराज स्टेडियम में आयोजित होगा। इसी तरह अन्य ग्रुप के ट्रायल कांकेर, राजनांदगांव, रायपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित होंगे। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिला क्रिकेट खिलाडि़यों को ट्रायल में शामिल होने की अपील की है।

### व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने एमसीएमसी के मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई, प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य के लिए मीडिया सेंटर से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया की निगरानी पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने पेड न्यूज तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया मॉनिटरिंग एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण को ध्यान में रखते हुए टीम सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने मीडिया सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया चेकपोस्ट, मतदान केंद्रों और मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

**कांकेर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले में इसकी तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आज चारामा, भानुप्रतापपुर और पखांजूर क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों, चेक पोस्ट और प्रशिक्षण केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मचांदूर स्थित अंतरजिला सीमावर्ती क्षेत्र चेक पोस्ट का निरीक्षण कर स्थैतिक निगरानी दल के प्रभारी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यहां पर वीडियोग्राफर के अनुपस्थित रहने पर अनुबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम मचांदूर और माहुद के मतदान केंद्रों में जाकर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह सुबह 9.30 बजे जिले की सीमा से लगे ग्राम मचांदूर में बनाए गए चेक पोस्ट पर पहुंचे, जहां उन्होंने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जानकारी ली, साथ ही संधारित पंजी का अवलोकन किया।

# जनता के पास अब कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं बचा : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पूरे जोश के साथ चुनावी रण में उतर गई है। शुक्रवार वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत माना मंडल, बोरियाखुर्द में रायपुर ग्रामीण मंडल,दलदल सिवनी में भनपुरी मंडल और बिरगांव मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जाएजा लिया और कार्य योजनाओं पर चर्चा की।



बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि,यह लोकसभा चुनाव पिछले विधानसभा चुनाव से अलग है। विधानसभा चुनाव के दौरान यहां कांग्रेस का शासन था। लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनो में भाजपा की सरकार है और डबल इंजन सरकार मे छत्तीसगढ़ में विकास के कामों तेजी आई है। हमारे लिए अनुकूल माहौल है। वहीं कांग्रेस का नाम लेने वाला कोई नहीं बचा है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और घोटाले के कारण राज्य को बर्बाद कर दिया। वहीं जो किसी ने सोचा नहीं था, भाजपा ने वो कर दिखाया हैं। 5 साल की मोदी जी की गारंटी 3 महीनों में ही पूरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि, जिसने पहले कांग्रेस को वोट दिया उनके पास अब कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं बचा है। जरूरत है तो कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर उन्हें यह बताने और समझाने की जरूरत है कि भाजपा को वोट देना क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कोर्ट में हलफनामा देकर प्रभु राम के अस्तित्व को ही नाकार दिया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ निश्चय और इच्छा शक्ति का परिणाम है कि आज करीब 500 सालों के इंतजार के बाद हम अयोध्या में राम लला के दर्शन करने में सफल हो पाए। अब अगर हम भारत को विश्व गुरु देखना चाहते है और रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ को विकसित के विकास के लिए भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाना होगा।

जिसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा। और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा।अग्रवाल ने यह भी कहा कि आने वाले समय में और भीषण गर्मी पड़ेगी जिसके लिए अभी से कार्य योजना बनाने की जरूरत है। जनता को यह बताना पड़ेगा कि, देश के निर्माण के लिए चुनावी यज्ञ में सभी देशवासियों को आहूति देनी है। देश के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए अगर उनको 1-2 घंटे की परेशानी भी उठानी पड़े तो वो उसके लिए तैयार रहे।

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वो अभी से अपने संबंधित इलाके में प्रचार के लिए वॉल पेंटिंग करें साथ ही घरों में झंडे लगाने के कार्य में जुट जाए और एक निश्चित समय सीमा में आने कार्य को समापत करें। साथ ही मतदाता सूची का भी निरीक्षण करें जिससे कोई सही मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से न रह जाए और कोई फर्जी नाम सूची में मिलने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचित करें।

बैठक में सांसद सुनील सोनी ने कार्यकर्ताओं से अपना बूथ सबसे मजबूत का संकल्प दोहराया उन्होंने कहा कि , हर बूथ के एक एक मतदाता के घर जाकर उनसे मिलना है और पार्टी की विचारधारा एवं कामों को बताना है। बैठक में सांसद सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश बजाज, जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, ग्रामीण विधानसभा प्रभारी सुभाष तिवारी, माना मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, रायपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर, भनपुरी मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, बिरगांव मंडल अध्यक्ष होरी लाल देवांगन तोशन साहू, भोला राम साहू, रामेश्वर पटेल, श्रीमती तिलेश्वरी धुरंधर, श्रीमती दीपा साहू समेत पार्टी पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामपुर क्षेत्र से महंत परिवार का है गहरा नाताः ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने शुक्रवार को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल में क्रियान्वित की गई योजनाओं और उससे लगातार मिल रहे लाभ की जानकारी दी।



देश की आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकारों ने विकास को आगे बढ़ाया। औद्योगिक उन्नति के साथ-साथ प्राथमिक स्तर की अर्थव्यवस्था, गांवों का का विकास, किसानों की समृद्धि से लेकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, युवाओं के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। कांग्रेस की सरकार ने ही छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढिया़ अस्मिता, लोक-संस्कृति, खेल-परंपराओं को पुनर्जीवित करने का काम किया जिससे हमें अपने छत्तीसगढिया़ होने पर गर्व महसूस हुआ है। भाजपा की सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों और युवाओं के लिए हितकारी योजनाओं को न सिर्फ बंद कर दिया बल्कि इन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में भी कोई कार्य नहीं किया है।

कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों से महंत परिवार का काफी गहरा नाता है। यहां के लोगों ने हमेशा साथ दिया है और महंत परिवार भी सबके सुख-दुख में हमेशा साथ रहा है। सांसद द्वारा ग्राम जमनीपाली, कुरूडीह, बुढियापाली, सोहागपुर में जनसंपर्क दौरा के दौरान कांग्रेस का हाथ मजबूत करते हुए एक बार फिर समर्थन देने की अपील की गई।

जनसंपर्क के दौरान सांसद के साथ प्रमुख रूप से रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, विरेन्द्र चंदन, प्रवीण ओगरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## गांव-गांव में शत प्रतिशत मतदान करने लिया जा रहा संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए गांव-गांव में ग्रामीणों द्वारा संकल्प लिया जा रहा है। मनरेगा कार्य क्षेत्र में भी महिला मजदूरों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ली गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परसबोड, तिलई, भाठागांव, भेड़ीकला, परेवाडीह, कांकेतरा, बघेरा, जराही, कलडबरी सहित विभिन्न ग्रामों में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप कार्यक्रम में बिहान की महिलाओं एवं मनरेगा महिला मजदूरों को लोकतंत्र में संसद की भूमिका एवं महत्ता के संबंध में जानकारी दी गई।

इस दौरान महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ एवं संकल्प लिया गया।

# रायपुर में पारा 40 डिग्री के पार, 24 घंटे में बदलेगा मौसम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मार्च के अंतिम दिनों में तेवर दिखा रही गर्मी अप्रैल के पहले महीने में और परेशान करेगी। इस दौरान शहर में लोगों को गर्म हवा के थपेड़े भी सहने पड़ेंगे।



मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम से आने वाली गर्म हवा के प्रभाव से गर्मी लगातार बढ़ रही है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि मौसम बदल सकता है। अगले 24 घंटे में कुछ स्थानों पर अंधड़, बारिश की संभावना है। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। शुक्रवार को राजधानी में आसमान साफथा। दिन में तेज धूप के साथ उमस थी। रायपुर और राजनांदगांव का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है।

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ में 41.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान रायपुर में 40.1, माना में 40.2, बिलासपुर में 38.8, पेण्ड्रारोड में 38.2, अंबिकापुर में 37.9, जगदलपुर में 39.1, दुर्ग में 38.8 और राजनांदगांव में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले दिनों से गर्मी अपना तेज असर दिखा रही है, जिसकी वजह से अब दोपहर बाद बिना किसी सुरक्षा के बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर समेत राज्य के अन?य शहरों में रात और दिन का तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र रायपुर के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण, दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है, जिसकी ऊंचाई 0.9 किलोमीटर तक है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है।

रायपुर में शनिवार को हल्के बादल रहने की संभावना है। प्रदेश में अगले तीन दिन अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री सेल्सियस होगा।

## लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के संबंध शहर से लेकर गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिले में शहर से लेकर गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के बारे में लगातार बताया जा रहा है। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मतदाता जागरूकता ग्रुप के माध्यम से गांव-गांव में बैठक लेकर स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।



स्वीप संगोष्ठी में नागरिकों को बिना डर, भय, प्रलोभन के लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

जागरूक नांदगांव के अब एके पहचान, शत प्रतिशत होही मतदान के आधार पर स्वीप संगोष्ठी नगर पालिक निगम के सभाकक्ष, शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़िकला, बघेरा एवं कलडबरी में आयोजित हुई है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करेंगे शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र में आकर अपना वोट अवश्य करने हेतु लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदान की ओर बढने् के लिए जिले द्वारा प्रयास किया गया। स्वीप संगोष्ठी में पंचायत सचिव या वार्ड प्रभारी बीएलओ के साथ उन सभी लोगों को लोकसभा चुनाव का महत्व समझाया जाता है। कार्यक्रम में सभी लोगों को मतदान के लिए मतदाता शपथ लेकर संकल्प पत्र हस्ताक्षर किया गया।

## मतदान अधिकारियों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के दो दिवसीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर प्रशिक्षण स्थलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1 को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी से अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों, पड़ोसियों को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने का आव्हान किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनांदगांव जिले में शत-प्रतिशत मतदान किए जाने प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण स्थल पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षणार्थी हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और उन्होंने संकल्प पत्र भी भरा। सभी से आग्रह किया गया कि वह यह संदेश अपने आस-पड़ोस, रिश्तेदारों, दोस्तों को भी दें, जिससे वह भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना अहम योगदान दें सके।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बने छत्तीसगढ़ के हनी बग्गा

**रायपुर।** एआईआईसीसी ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव और सचिव की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार 29 लोगों को नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं छत्तीसगढ़ से एनएसयूआई के नेता हनी बग्गा को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की अनुशंसा पर एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिवों की सूची जारी की है। इस सूची में 29 लोगों को नई जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ से एनएसयूआई के छात्र नेता को एआईआईसीसी ने राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी है।

बता दें कि छत्तीसतगढ़ के छात्र नेता हनी बग्गा लगातार 12 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं। साल 2012 में हनी परमीत बग्गा प्रगति कॉलेज में कॉलेज अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। इस दौरान बग्गा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय चुनाव में एनएसयूआई प्रत्याशियों को प्रभारी रहते जितवाया और विश्वविद्यालय में छात्र संघ का अध्यक्ष बनाया है। बग्गा लंबे समय तक रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वह 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे। एनएसयूआई का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने बाद छात्र नेता हनी बग्गा ने लाइव हिंदुस्तान से बात करते हुए कहा कि मै लगातार 12 सालों से संगठन के लिए कार्य कर रहा हूं। इस बीच मुझे एनएसयूआई ने कई बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज देश के सबसे बड़े छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से मुझे राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिली है।

### छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं ओटीएस के आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों की सुविधा के लिए ओटीएस के आवेदन छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं। इसके तहत 30 और 31 मार्च की शासकीय अवकाश के दिन भी आवेदन लिए जाएंगे। राज्य शासन ने वैट के पुराने बकाया के एकमुश्त निपटारे के लिए छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम (ओटीएस) के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि को सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मार्च माह के अंतिम 3 दिन (29, 30 और 31 मार्च) लगातार शासकीय अवकाश है, इससे कई व्यापारी/करदाता आवेदन करने से वंचित न हो, इसको देखते हुए राज्य कर आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर सभी संभाग वृत्त कार्यालयों में कर्मचारियों की ड्यूटि विशेष रूप से ओटीएस के आवेदन प्राप्त करने के लिए लगाई गई है, जिससे शासन की योजना का लाभ लेने किसी बकायेदार को वंचित न होना पड़े।

मंगवाई माफी व समझाईश देकर छोड़ा, यातायात पुलिस ने की लोगों से अपील कहा स्टंटबाजी करने वालों पर रखें नजर

# राजधानी में स्टंटबाजों पर पुलिस की सख्ती : 10 बाइकर्स पर की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों स्टंटबाज बाइकर्स गैंग का खतरा है। राजधानी की सड़कों पर स्टंट करते तेज रफ्तार बाइक सवारों के कारण सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। इसे देखते हुए राजधानी में पुलिस ने ऐसे स्टंटबाजों पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वायरल वीडियो की मदद से 10 स्टंटबाज बाइकर्स को पकड़ा और माफी मंगवाते हुए उन्ही के स्टाइल में वीडियो वायरल किया।

बता दें राजधानी के नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क पर स्टंट करते कुछ युवाओं ने वीडियो वायरल किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह बाइकर्स किस तरह तेज रफ्तार से बाइक पर स्टंटबाजी कर रहे हैं। इनकी स्टंटबाजी का वीडियो अपलोड कर एक यूजर ने इन कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद रायपुर पुलिस एक्शन में आई। यातायात विभाग द्वारा बाइक के नंबर के आधार पर 10 बाइकर्स को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने स्टंट की बात मानी और ऑन कैमरा लोगों से माफी मांगते हुए दोबारा ऐसा न करने की कसम खाई।

### महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ा खतरा

ये स्टंटबाज तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए मस्ती के मूड में रहते हैं। इन्हें इस बात का अंदाजा नहीं होता कि आसपास से कई महिला और बुजुर्ग भी गाड़ियों से गुजर रहे होते हैं। ये अपनी मस्ती के चक्कर में एक्सीलेटर बढ़ाकर या तो तेज आवाज निकालते हैं या फिर चक्के को ऊपर उठा लेते हैं। जिससे बगल में चल रहा कोई भी व्यक्ति हड़बड़ा कर गिर जाएगा।

### 100 से अधिक की रफ्तार में अचानक ब्रेक मारते हैं

दरअसल ये स्टंटबाज महंगी रेसिंग बाइक को तेज रफ्तार में दौड़ाते हैं। फिर अचानक ब्रेक मार कर पीछे के चक्के को हवा में उठा देते हैं। इसके अलावा ये गाड़ियों को लहराकर भी चलाते हैं। जिससे आसपास से गुजर रहे लोग घबरा जाते हैं, इससे भी हादसे हो रहे हैं।

### जुर्माना लगाया और समझाइश देकर छोड़ा

पकड़ में आने के बाद यातायात पुलिस ने इन स्टंटबाजों से जुर्माना वसूला। अलग अलग मामलों में 3 से 4 हजार रुपए का जुर्माना काटा। जुर्माना काटने के बाद पुलिस ने इन्हें समझाइश देकर छोड़ा। इन बाइकर्स में कुछ नाबालिग भी शामिल रहे जिनके पैरेंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई। रायपुर पुलिस के यातायात विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि सड़कों पर इस प्रकार स्टंटबाजी करने वालों पर नजर पड़े तो इसकी सूचना नजदीकी थाने में यातायात विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर जरूर दें।

# बृजमोहन ने शुरू किया मंडलों का दौरा, कार्यकर्ताओं ने भर रहे जोश

रायपुर लोकसभा के खोरपा मंडल से बृजमोहन ने की मंडलों में दौरे की शुरुवात

**रायपुर।** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी समर में पूरी तरह उतर चुके हैं। भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले बृजमोहन अपने चुनावी कौशल के कारण पूरे प्रदेश में पहले ही चर्चा में रहते हैं।

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से ही बृजमोहन सक्रिय हो चुके हैं और विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली। उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है, एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा। किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं और हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार और वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के खोरपा मंडल, अभनपुर मंडल, चम्पारण मंडल और नवापारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनावी रणनीति के संबंध में उनसे चर्चा की। श्री अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, मतदान के समय तेज गर्मी में लोग घर से निकलने में डरेंगे ऐसे में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। कार्यकर्ताओं को लोगों को समझना होगा कि एक दिन कुछ देर की गर्मी सहन करके वो एक नए भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इसलिए सभी को वोट जरूर देना चाहिए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत किया जाए और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों से मिलें और सशक्त भारत के लिए मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल के फूल को वोट दें। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को भाजपा के प्रति आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और सरकार के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत लोग न्यूज पेपर और टेलीविजन, रेडियो का इस्तेमाल नहीं करते जिससे भाजपा कमल फूल सरकार के कामों की सही जानकारी नहीं हो पाती। जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए वॉल पेंटिंग और सघन जनसंपर्क अभियान चलाएं। जिससे कोई भी मतदाता छूट ने जाए। भाजपा ने युवा, महिला, गरीब, किसान सभी के लिए काम किया है। चाहे वो किसी भी धर्म या वर्ग का हो। ऐसे में लोगों के पास कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं है। बैठक में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्र शेखर साहू, रायपुर लोकसभा प्रभारी अशोक बजाज, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, मंडल अध्यक्ष अभनपुर अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नवापारा उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष खोरपा पारसमणी साहू, मंडल अध्यक्ष चम्पारण नारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, नेहरू लाल साहू, खेलू राम साहू, रवि आर्य वर्मा, देवकी साहू, अश्वनी साहू समेत विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ननि रायपुर ने की 260 करोड़ की रिकॉर्ड राजस्व वसूली




### नागरिकों को मिली सुविधा से टैक्स भुगतान हुआ सरल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में वित्तीय वर्ष समापन के अंतिम दो दिवस ही शेष है। नगर निगम ने भवन एव भू-स्वामियों से कहा है अधिभार से बचने सभी करों का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करें। नगर निगम रायपुर ने अब तक 260 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है। यह आंकड़ा आने वाले दो दिनों में 275 करोड़ रुपये से भी अधिक होने की संभावना हैं।

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस बार देय कर भुगतान के लिए विशेष व्यवस्था की गई ।मोर रायपुर ऐप और नगर निगम की वेबसाइट पर स्वयं से ऑनलाईन भुगतान की सुविधा दी गई। वहीं 70 से अधिक चॉइस सेंटर को राजस्व वसूली के लिए अधिकृत किए जाने के साथ ही समस्त जोन के 110 राजस्व निरीक्षकों को इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया । इसके अलावा सभी जोन में एक सदर काउंटर स्थापित कर भुगतान की प्रक्रिया को अत्यधिक सुगम बनाया गया।

नगर निगम के उपायुक्त (राजस्व) श्री आर के डोंगरे के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में 223 करोड रुपए की राजस्व वसूली हुई थी,वहीं इस वर्ष राशि 260 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली निगम द्वारा की जा चुकी है । आने वाले दो दिनों में यह आंकड़ा 275 करोड़ रुपए को पार करने की संभावना है ।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया से करों के भुगतान को सरलीकृत होने के कारण लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली नगर निगम ने की है।

# अधिकारियों-कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया आदेश



**रायपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन – 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी–कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों–कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी–कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी–कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

आईटी द्वारा कांग्रेस को दिये गये 1823 करोड़ के नोटिस के विरोध में कांग्रेस उतरेगी सड़क पर

# 1823 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस मोदी सरकार की तानाशाही : कांग्रेस



**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रू. जमा करने की नोटिस को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफ देश में माहौल है उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गयी है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया। मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनाई थी, केंद्र की मोदी सरकार और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व उसके खिलाफ काम कर रही है। भाजपा ने विपक्षी दलों से साधन, संसाधन छीनकर एकाधिकार स्थापित करने का षड्यंत्र रचा है।

दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जप्त करना इनकम टैक्स की नोटिस भेजना अलोकतांत्रिक है। तानाशाही मोदी सरकार धन, बल और केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने आमादा है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

**रायपुर।** भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने विपक्षी दलो का दमन किया जा रहा, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने साजिश की जा रही है। पिछले महीने फरवरी में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं।

लोकतंत्र पर इस गंभीर हमले और महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी पर कर आतंकवाद थोपे जाने के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में दिनांक 30 मार्च 2024 को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही अगले दिन स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल करते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वारों के नेतृत्व में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## कितने दिन तक खा सकते हैं कटा हुआ तरबूज?



गर्मियों का मौसम आते ही बाजार में तरबूज की बिक्री शुरू हो जाती है। तरबूज का इंतजार लोगों को पूरे साल रहता है। गर्मियों में लोग सबसे ज्यादा रसदार मीठा फल तरबूज खाते हैं। तरबूज एक ऐसा फल है, जो हर किसी को बेहद पसंद होता है। इसमें मौजूद कई पोषक तत्व हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं।

### जानें इसके फायदे

तरबूज में 90 प्रतिशत पानी मात्रा होती है, जिससे ये शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है। तरबूज में कैलोरी बहुत कम होती है, इस कारण यह वजन कम करने में भी कारगर है। इसके अलावा तरबूज ब्लड प्रेशर, हड्डियां, दांत की परेशानी, आंखों की दिक्कत, मसल्स रिकवरी और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए फायदेमंद है। तरबूज बहुत ही उपजाऊ होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

### कटा हुआ तरबूज सही या नहीं

तरबूज स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। लेकिन कई लोग बचा हुआ तरबूज आधा काट कर रख देते हैं और फिर उसे कुछ दिन बाद खाते हैं। क्या आप जानते हैं कटे हुए तरबूज को कितने दिनों तक खाना सही होता है? तरबूज में पानी की मात्रा होने से इसकी सही तारीख बताना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन तरबूज को अगर आप काट देते हैं तो इसे तत्काल ही खा लेना चाहिए। यदि आप एक बार में पूरा तरबूज नहीं खा सकते हैं, तो फिर इसे किसी ठंडी जगह पर रख देना चाहिए। आमतौर पर यह 3 से 4 दिनों तक ठंडी जगह में होने की वजह से सुरक्षित रहता है, लेकिन इसके बाद इसका स्वाद और गुणवत्ता नहीं बचती। अगर आप कटा हुआ तरबूज खाते हैं, तो ध्यान रहे कि इसे आपको ठंडी जगह पर रखना है। लेकिन 3 से 4 दिन के बाद इसके सेवन से बचना चाहिए।

# दमदार कहानी पर ढीली पकड़

## रवीना की बेजोड़ एक्टिंग और सतीश कौशिक की आखिरी याद है 'पटना शुक्ला'

एक हाउसवाइफ की कहानी जो वकील है, लेकिन मानी नहीं जाती। हर दिन अपनी पहचान पाने के लिए लड़ रही है। परीक्षा के रिजल्ट में हो रहे स्कैम के खिलाफआवाज बुलंद करती है, लेकिन बुरी तरह से फंस जाती है। पटना शुक्ला रिव्यू: एक आम महिला, एक छात्रा और एक यूनिवर्सिटी में हो रही परीक्षा स्कैम में रोल नंबर के हेराफेरी की कहानी, जो कई छात्रों के जीवन को प्रभावित करती है।

### पटना शुक्ला का सफरनामा

पटना शुक्ला की कहानी एक छोटी-सी वकील कम हाउसवाइफ तन्वी शुक्ला (रवीना टंडन) पर बेस्ड है। जो तब न्याय की लड़ाई में कूद पड़ती है जब उसे पता चलता है कि एक स्टूडेंट रोल नंबर घोटाले में फंस गई है। जैसे-जैसे वो इस केस की पड़ताल करती है, उसे गहरे सच का पता चलता है। यकीन मानिए ये वो सच है जिससे उसकी खुद की पूरी लाइफ ही बदल जाती है। ब्लाइंड स्पॉट में तीर मारकर कैसे सच को झूठ में लपेटकर परोसा जाता है, और एक स्टूडेंट का पूरी लाइफ बदल दी जाती है, ये सब दिखाया गया है।



### कैसा है कहानी का ट्रीटमेंट

जाहिर है तन्वी एक छोटी सी वकील है तो उससे उम्मीद की जाती है, वो ज्यादा उड़े नहीं। चेंबर तो है नहीं, तो कोर्ट के बाहर टेबल और कुर्सी लगाकर केस की पड़ताल करती है। गली की औरतें उसके पास कूड़ें फेंकने को लेकर हुए झगड़े का केस लेकर आती हैं। वो खुद एक अंडरवियर का केस जीतकर उस कहानी को घर में ऐसे सुनाती है, जैसे किला फतह कर लिया हो।

तन्वी को घर से पूरा सपोर्ट है। उसकी एक परफेक्ट फैमिली है। पिता की लाडली बेटी है, पति की प्यारी पत्नी है, और बेटे की परफेक्ट मां है। लेकिन कोर्ट में जज साहब (सतीश कौशिक) उसके स्वादिष्ट लड्डू बनाने पर उसे वकालत छोड़ रेस्टोरेंट खोलने की सलाह देते हैं। फिल्म में कई छोटे छोटे पहलुओं पर ध्यान दिया गया है, जोकि सराहनीय हैं और सच्चाई से परे नहीं लगते हैं। जैसे- पति (मानव विज) इंजीनियर है तो कार चलाता है, पत्नी वकील है, लेकिन घर भी संभालती है और स्कूटी चलाती है। पत्नी केस की रिसर्च कर रही है तो पति उसपर घर के काम का बोझ ना डालते हुए उसकी मदद करता है। सरकारी दफ्तर में प्रमोशन कैसे पाई जाती है, उसका भी हिंट दे ही दिया गया है।

### बावजूद इसके कहानी की पकड़ ढीली है। बताते हैं कैसे?

दरअसल, फिल्म का मेन सब्जेक्ट है रोल नंबर की हेराफेरी और परीक्षा के रिजल्ट में हुई धांधली, जिसे बेहद ही सरलता से दर्शकों के सामने परोस दिया गया है। उसमें ना कोई ड्रामा है, ना ही कोई नाटकीय मोड़ और ना ही कोई एक्शन। फिल्म वही दिखा रही है जो कि होता आया है और आपको दशकों से पता है। आपने बीसों बार किसी ना किसी फिल्म में ये सब देखा ही होगा। लास्ट में एक छोटा सा ट्विस्ट है जरूर जो आपको बता दिया तो स्पॉइलर हो जाएगा। लेकिन देखते देखते फिल्म बीच में इतनी ढीली हो जाती है कि नींद आने लगती है। तन्वी शुक्ला के पटना शुक्ला बन जाने की क्रांति फील नहीं होती है। पृष्ठभूमि पटना की है लेकिन किसी की बोली में वो झलकता नहीं है।

### कलाकारों ने संभाली फिल्म

एक स्पेशल मेंशन दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक के लिए तो जरूर बनता है। जज साहब बने सतीश आपको बेहद मजेदार लगेंगे। जो अपनी आदतों के साथ साथ कोर्ट रूम का भी बैलेंस बनाना बखूबी जानते हैं। वहीं रवीना टंडन की एक्टिंग पर तो कोई सवाल उठाने का मतलब ही नहीं बनता। उनके पति का रोल निभा मावन विज और पिता बने राजू खेर ने भी बखूबी साथ दिया है। अनुष्का कौशिक को ज्यादा डायलॉग्स नहीं मिले हैं, लेकिन एक्ट्रेस का बचपना जरूर झलक जाता है।




# दिनभर में आप कितनी चाय पीते हैं?



दिन की शुरुआत चाय से हो जाए तो मजा आ जाता है। ऐसे कई लोग हैं जिन्हें हम चाय के दीवाने का नाम देते हैं। वहीं भारत एक ऐसा देश है जहां लोगों के दिन की शुरुआत चाय से होती है। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो सुबह शाम नहीं बल्कि दिनभर चाय का सेवन करते हैं। आप भी इन्हीं लोगों में शामिल हैं, तो ये खबर आपके लिए है। बता दे कि जरूरत से ज्यादा चाय का सेवन हमारे शरीर में गंभीर बीमारी को जन्म देता है।

### चाय के नुकसान

चाय का नाम सुनते ही लोग खुश हो जाते हैं। कुछ लोग तो ऐसे हैं, जिन्हें दिन भर में आप कितनी भी चाय दे दो वह सारी पी जाते हैं। चाय के अधिक सेवन से पेट में जलन, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। अधिक मात्रा में चाय का सेवन करने से हड्डियों को नुकसान, नींद उड़ जाना, स्किन काली पड़ना जैसी दिक्कत हो सकती है। इसमें मौजूद कैफीन मस्तिष्क को प्रभावित करता है, जिससे सोचने की क्षमता कम हो जाती है। इसके अलावा ज्यादा चाय पीने वालों की त्वचा सांवली हो जाती है और उन्हें पिंपल्स जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### ऐसे करें बचाव

एकदम चाय की लत को छोड़ना मुश्किल होता है। लेकिन आप थोड़ा-थोड़ा करके इससे छुटकारा पा सकते हैं। यदि आपको चाय की तलब होती है, तो आप कम दूध की चाय में तुलसी, इलायची, अदरक, लौंग जैसी चीजें डालकर दिन में दो या तीन बार पी सकते हैं। इसके अलावा चाय में चीनी और दूध का उपयोग कम करें, सोने से पहले चाय बिल्कुल ना पिए, खाना खाने के बाद भी चाय का सेवन न करें, प्रेगनेंसी में चाय का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## दंगल गर्ल फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल

2016 में आमिर खान स्टारर दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में लूडो, अजीब दास्तां, थार, धक धक और सैम बहादुर जैसी शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं। चाहे दंगल की गीता फोगाट हो या सैम बहादुर में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। एक्ट्रेस जल्द ही मेट्रो..इन दिनों और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।

## टॉक्सिक में सुपरस्टर यश की बहन का किरदार निभाएंगी करीना कपूर




अभिनेता यश पिछले काफी समय से अपनी फिल्म टॉक्सिक को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान गीतू मोहनदास ने संभाली है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि यश के साथ टॉक्सिक में करीना कपूर काम करती नजर आ सकती हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले करीना की टीम ने इन खबरों को अफवाह बताया था। खबर के अनुसार, करीना टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाएंगी।

टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाने के लिए करीना से संपर्क किया गया है। अभिनेत्री और निर्माताओं के बीच बातचीत जारी है। अगर ऐसा होता है तो यह यश और करीना के बीच पहला सहयोग होगा। विकास से जुड़े एक सूत्र ने कहा, फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते के ईद-गिर्द घूमेगी, जिसके लिए यश के साथ करीना नजर आएंगी। निर्देशक फिल्म की शुरुआत से ही करीना को टॉक्सिक में लेने के इच्छुक थे। बातचीत चल रही थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉक्सिक में यश का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। यह फिल्म एक्शन से भरपूर होगी। ऐसी चर्चा है कि यश और करीना के अलावा इस फिल्म में श्रुति हासन, साई पल्लवी और शाहरुख खान जैसे दिग्गज सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी ह। बता दें, फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि टॉक्सिक 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## ये संकेत बताते हैं आपके शरीर में पानी की कमी को



अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं। पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं।इसकी वजह से किडनी पर भी इफेक्ट पड़ता है।

डॉक्टरों के मुताबिक, अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं। पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं। शरीर को सही ढंग से चलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत होती है। पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। जिससे कई तरह की प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए समय-समय पर सही मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए। शरीर में पानी की कमी के संकेत पहले ही मिलने लगते हैं।

अगर इन लक्षणों को समझ लिया जाए तो समय रहते डिहाइड्रेशन की समस्या को खत्म कर सकते हैं। वरना डॉक्टर के पास जाने तक की नौबत आ सकती है। जानिए शरीर में पानी की कमी के क्या संकेत दिखते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं। पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं। इसकी वजह से किडनी पर भी इफेक्ट पड़ता है। जिससे यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। यूरिन का रंग गाढ़ा पीला हो जाता है। पानी की कमी से शरीर में टॉक्सिन बढ़ जाती हैं, जिससे चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं। ड्राई और बेजान स्किन, झुर्रियां भी पानी की कमी के ही संकेत हैं। पानी की कमी जब शरीर में होती है, तब आंखों के नीचे काले घेरे आने लगते हैं।

पानी की कमी से सिर में लगातार दर्द होता रहता है। मांशपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न होती है। पानी की कमी से तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है।शरीर में पानी कम होने से प्राइवेट पार्ट में खुजली या जलन होने लगती है। अपने साथ पानी की बोतल रखें। इससे बार-बार पानी पीने की हैबिट बनेगी और शरीर में पानी की कमी पूरी होगी। हरी फल और सब्जियां ज्यादा से ज्यादा खाएं। सेब, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, खीरा, टमाटर, चुकंदर खाने में शामिल करें। रोजाना नारियल पानी पिएं। खिचड़ी, दलिया दालें और ओट्स खाने से शरीर में पानी की कमी पूरी हो सकती है।

## क्या विराट कोहली बने आरसीबी की हार के गुनहगार?

विराट कोहली केकेआर के खिलाफआखिरी 5 ओवर में जूझते हुए दिखाई दिए। आखिरी 30 में से 16 गेंदें विराट को खेलने को मिली जिसमें उन्होंने दो बाउंड्री लगाई। इस दौरान वह मात्र 21 रन ही जोड़ने में कामयाब रहे। फाफ डुप्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 29 मार्च की रात कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों आईपीएल 2024 के 10वें मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। यह सीजन-17 में आरसीबी की दूसरी हार है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली की 83 रनों की नाबाद पारी के दम पर 182 रन बोर्ड पर लगाए थे। कोहली के अलावा आरसीबी का कोई भी बल्लेबाज इस दौरान 40 रन का आंकड़ा तक नहीं छू पाया था, मगर फिर भी विराट कोहली को ही यहां आरसीबी की हार का जिम्मेदार बताया जा रहा है।

किंग कोहली ने अपनी पारी का आगाज शानदार अंदाज में किया था, मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर चौका लगाकार उन्होंने अपना और टीम का खाता खोला। वहीं अगले कुछ ओवर में उन्होंने आईपीएल के इतिहास के इस सबसे महंगे गेंदबाज की जमकर धुनाई भी की। पावरप्ले खत्म होते-होते कोहली 150 के अधिक स्ट्राइक रेट के साथ 18 गेंदों पर 28 रन बनाकर बैटिंग कर रहे थे। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा और आरसीबी के विकेट गिरना शुरू हुए तो विराट कोहली का स्ट्राइक रेट गिरने लगा। 10वें ओवर तक कोहली 31 गेंदों पर 42 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 36 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। विराट से उम्मीद की जा रही थी कि वह अर्धशतक पूरा करने के बाद अपनी पारी की रफ्तार बढ़ाएंगे, मगर इस बीच मैक्सवेल का विकेट गिर गया।

# बोल्डनेस छोड़ सिंपल लुक में नजर आईं नोरा फतेही




बी-टाउन की फेमस एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही हमेशा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सादगी भरा अंदाज देखकर फैंस का एक बार फिर से दिल मचल गया है। साथ ही उनकी तस्वीरों पर से लो नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। नोरा फतेही अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने डांस को लेकर मशहूर हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सिंपल लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। नोरा फतेही ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का फ्लोरल सूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में छोटे इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नोरा फतेही सेशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है। एक्ट्रेस नोरा फतेही को हर बार बोल्ड लुक में देखा जाता है लेकिन इस बार एक्ट्रेस को एथनिक लुक में देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। नोरा फतेही की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा - नामुमकिन, असंभव तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा क्या खूब लगती हो।

# बॉक्स ऑफिस पर छाई करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की क्रू

### फर्स्ट डे फिल्म ने कमाए इतने करोड़

लंबे इंतजार के बाद करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की मोस्ट अवेटेड फिल्म क्रू रिलीज हो गई है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। बीते दिनों क्रू का ट्रेलर रिलीज हुआ था। जिसमें करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन का शानदार कैमेस्ट्री देखने को मिली। चूंकि अब क्रू सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, ऐसे में फिल्म के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। लंबी छुट्टियों को देखते हुए करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की इस फिल्म को रिलीज किया गया है।



ताजा आंकड़ों की मानें तो क्रू ने अपने पहले दिन 5-9 करोड़ रुपये की कमाई की है। हालांकि यह अभी अनुमानित आंकड़े है। फिल्म फाइनल आंकड़ों में बदलाव देखने को मिल सकता है। क्रू में तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन के अलावा पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ और कॉमेडियन कपिल शर्मा भी दिखाई देने वाले हैं।

'क्रू' राजेश ए. कृष्णन निर्देशित, बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क की मच अवेटेड फिल्म है। क्रू फिल्म का बजट लगभग 40-50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

आपको बता दें कि फिल्म की स्टोरी तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन की है। तीनों एयर होस्टेस हैं और जिंदगी में अपनी-अपनी समस्याओं से उलझ रही हैं। अब काम भी ऐसी एयरलाइन में करती हैं जो दिवालिया होने की कगार पर है। सैलरी का कोई अता-पता है नहीं। फिर एक दिन उनके सामने एक ऐसा मौका आता है जिसमें उन्हें कुछ गलत तो करना है लेकिन जिंदगी बदल सकती है। यह फैसला क्या है और ये एयर होस्टेस अपनी जिंदगी में ढेर सारी समस्याओं को कैसे बुला लेती हैं यह तो आप फिल्म देखकर ही जान सकेंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने किया बागनदी चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बार्डर बागनदी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य टीमों को अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे टीमों को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन का समय अवैध शराब, नगद तथा अन्य सामग्री के परिवहन से संबंधित केस सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करने कहा। साथ ही संदिग्ध वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्रवाई करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट में की जा रही कार्रवाई एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित करने के निर्देश दिए।

### बस्तर लोस के पुलिस प्रेक्षक ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन के लिए की कलेक्टर से चर्चा

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा हेतु पुलिस प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राम किसुन ने जिला कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के साथ शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इसके साथ उन्होंने व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यय अनुवीक्षण हेतु बनाये गए दलों से चर्चा करते हुए प्रत्येक व्यय पर कड़ी निगरानी रखने एवं उड़नदस्ता दलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत से उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर चर्चा करते हुए उनकी स्थिति तथा कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जहां कलेक्टर द्वारा दलों की गयी कार्यवाहियों की जानकारी दी गयी।

### कांग्रेस ने बस्तर को धर्मांतरण का गढ़ बनाया : कश्यप

**जगदलपुर।** भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने शुक्रवार को अपने प्रचार प्रसार को बस्तर विधानसभा के बस्तर मंडल से प्रारंभ किया एवं कुडकनार, घाटकवाली, मुंडा पाल चोकर, मरलेंगा, करमरी, आडावाल, मावलीगुड़ा समेत डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा एवं जनसंपर्क किया । कुड़कानार पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया गया।भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हो कर 40 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। इसी प्रकार कई गांव में कश्यप ने छोटी छोटी सभाएं की। उन्होंने कहा मै लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच आया हूं । अभी 3 माह पहले विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा की सरकार बनी है। दुर्भाग्यपूर्ण इस विधानसभा में भाजपा जीत नही पायी है। मै छोटे से गांव का निवासी आप सभी के बीच मे आया हूं। कांग्रेस सिर्फ कांग्रेस लाओ गरीबी हटाओ बोलती रही लेकिन कभी गरीबी नहीं हटायी, छत्तीसगढ़ की जनता ने डॉ रमन सिंह को सत्ता में लाई और उनके कारण ही छत्तीसगढ़ के बस्तर के लोगो को पेट भरने के लिए योजना के तहत चावल मिलने लगा।

# महत्वपूर्ण कार्य के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत : प्रवीण रंजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कवर्धा, खैरागढ़-छईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।



व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमाओं में अवैध शराब, परिवहन एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए संवेदनशील चेक पोस्ट में इसके लिए जागरूक रहते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उनके व्यय के रिकार्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपेडिंचर सीजर मानिटरिंग सिस्टम पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल एवं एमसीएमसी की टीम को सतर्कता, सजगतापूर्वक एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों के लेखा से जुड़े एकाउंटिंग टीम को समन्वित तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, आबकारी, जीएसटी, आयकर, परिवहन, एफएसटी, एसएसटी एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले की सीमाएं मध्यप्रदेश, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले की सीमाएं मध्यप्रदेश के बालाघाट तथा महाराष्ट्र के गोंदिया, राजनांदगांव जिले की सीमाएं महाराष्ट्र जिले के गोंदिया, मोहला -मानपुर-अम्बागढ़ जिले की सीमाएं महाराष्ट्र के गोंदिया एवं गढ़चिरौली से जुड़ी हुई हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसके तहत मतदान केन्द्रों की संख्या 2 हजार 329 तथा 1 सहायक मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। संसदीय क्षेत्र में 16 आदर्श मतदान केन्द्र है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र का वर्ष 2023 में मतदान प्रतिशत 80.56 प्रतिशत रहा है। 85 वर्ष से अधिक आयु के 5 हजार 504 तथा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17 हजार 344 है।

संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चारों जिलों में कार्य किया जा रहा है और अवैध शराब, ड्रग्स, नगदी एवं अन्य सामग्री पर कार्रवाई की जा रही है। विगत चार माह में लगभग 4 लाख रूपए से अधिक राशि के अवैध शराब परिवहन, मादक द्रव्य पदार्थ तथा अन्य सामग्री की जप्ती की कार्रवाई से प्राप्त हुई है। अंतर्राज्यीय सीमाओं के चेक पोस्ट में लगातार निगरानी की जा रही है। एफएसटी, एसएससी, वीएसटी, वीवीटी एवं सी-विजिल, एमसीएमसी की टीम लगातार कार्य कर रही है।

# 36 अधिवक्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधि प्रकोष्ठ के संयोजक बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, सह-संयोजक असीम कुमार सिंह, संजय शुक्ला एवं अरूण राजपूत, द्वारा आयोजित बैठक में जिला भाजपा कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व भिलाई में महेश वर्मा, जिलाध्यक्ष, बिजेन्द्र सिंह एवं प्रेमलाल साहू महामंत्रीद्वय, योगेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, रामउपकार तिवारी उपाध्यक्ष, विनोद सिंह कोषाध्यक्ष, संजय सिंह प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की उपस्थिति में 36 अधिवक्ताओं का भाजपा प्रवेश एवं सम्मान किया गया ।

नव प्रवेश अधिवक्ताओं के धनविन्दर कौर सैनी, श्रीमती कविता गिरी गोस्वामी, राजेश्वरी साहू, रशिम खण्डेलिवाल, डाली मेहरा, अनामिका सरकार, शाहिन आरा, सुरूचि पाटनी , प्रभा सिन्हा, उत्तरा देवांगन, नीता साहू, माया डोंगरे, परमेश?वरी दिवाकर, शुभांगी भुयार, अनामिका गुहा राय, विनिता, दुर्जय कुमार दुबे, राजेश्वर शर्मा, नीरज गुप्ता, ओम प्रकाश तिवारी, गणेश साहू, शिव पटेल, गौतम काकडिया, नरेन्द्र सोनी, अमर जी जैन राजेश मेंढे, शिवनारायण कुशवाहा, अनिल पासवान, ओंकारनाथ चौबे, वीरेन्द्र वर्मा, आशेक कुमार वर्मा, मुकेश मेश्राम भास्कर राव, तिरिमलेश अंकित चौहान, प्रहलाद क्षीरसागर, देवेन्द्र चौहान।

इस अवसर में विधि प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश शर्मा, उत्तम चौधरी, मनोज कुमार शुक्ला, विनय कुमार गुप्ता, श्रीमती रमा श्रीवास्तव, कामाछम्मा, एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहें ।

## लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 01 ईनामी सहित 03 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाडा।** दंतेवाडा जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की ''पुनर्वास नीति'' के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आईये अभियान) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर माओवादियों के प्रतिबंधित संगठन सीपीआईएम के भैरमगढ़ एरिया कमेटी में पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष मुन्ना भोगाम उर्फ बुंजवा पिता लक्खू भोगाम (01 लाख ईनामी),फुलगट्टा पंचायत सीएनएम सदस्य रमेश भोगाम पिता स्व गुट्टा भोगाम,मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम पिता देवा कुहड़ाम

ने आज दिनांक 29 मार्च को एसपी के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जायेगा।लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 174 ईनामी माओवादी सहित कुल 685 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# रायपुर ग्रामीण मंडल की बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने दिया जीत का मंत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पूरे जोश के साथ चुनावी रण में उतर गई है। शुक्रवार वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत माना मंडल, रायपुर ग्रामीण मंडल,भनपुरी मंडल और बिरगांव मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जाएजा लिया और कार्य योजनाओं पर चर्चा की।



बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि,यह लोकसभा चुनाव पिछले विधानसभा चुनाव से अलग है। विधानसभा चुनाव के दौरान यहां कांग्रेस का शासन था। लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनो में भाजपा की सरकार है और डबल इंजन सरकार मे छत्तीसगढ़ में विकास के कामों तेजी आई है।

हमारे लिए अनुकूल माहौल है। वहीं कांग्रेस का नाम लेने वाला कोई नहीं बचा है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और घोटाले के कारण राज्य को बर्बाद कर दिया। वहीं जो किसी ने सोचा नहीं था, भाजपा ने वो कर दिखाया हैं। 5 साल की मोदी की गारंटी 3 महीनों में ही पूरी हो रही है। महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह, पक्का मकान, हर घर जल और शौचालय, किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान बोनस, प्रति एकड़ 20 हजार रुपए देने वाला कोई है तो मोदी सरकार जो गरीबों को 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह मुफ्त राशन दे रही है।

युवाओं के लिए अकेले शिक्षा विभाग में ही 33 हजार से ज्यादा भर्तियों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस काल में सीजीपीएससी में हुए घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में सभी को न्याय और घोटालेबाजों को उनकी सही जगह जेल भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि, जिसने पहले कांग्रेस को वोट दिया उनके पास अब कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं बचा है। जरूरत है तो कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर उन्हें यह बताने और समझाने की जरूरत है कि भाजपा को वोट देना क्यों जरूरी है। अग्रवाल ने यह भी कहा कि, कांग्रेस ने कोर्ट में हलफनामा देकर प्रभु श्री राम के अस्तित्व को ही नाकार दिया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ निश्चय और इच्छा शक्ति का परिणाम है कि आज करीब 500 सालों के इंतजार के बाद हम अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करने में सफल हो पाए। अब अगर हम भारत को विश्व गुरु देखना चाहते है और रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ को विकसित के विकास के लिए भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाना होगा। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा। और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा।

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जन जागरूकता हेतु जज्बे के साथ किया जा रहा कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जनजागरूकता हेतु जज्बे के साथ कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विकासखंडों में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए।




जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम टेड़ेसरा में सबसे कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाएं। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। संगोष्ठी में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं सभी जागरूक मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाया गया।

स्वीप संगोष्ठी में कम मतदान के कारणों तथा मतदान बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लोकतंत्र में संसद के महत्व, सांसद के कार्य क्षेत्र, सांसद की भूमिका, सांसद के कर्तव्य व दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाता, नए वोटर एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह एवं राजनांदगांव जिला स्वीप टीम के सभी सदस्य सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, शासकीय सेवक, युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर्स, ग्रामीणजन शामिल हुए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला - रायपुर ( छत्तीसगढ़ )**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / /ब-121/2023-24
रायपुर, दिनांक 21/03/2024
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं......
तहसील रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/ आवेदक सुनील शुक्ला पिता स्व. ओमकारनाथ द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता / पति / माता शारदा देवी शुक्ला की मृत्यु दिनांक 19.4.1997 को घर / हॉस्पिटल घर में हो चुकी है। उनके आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 8.4.2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.3.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
रायपुर (छ.ग.)

## मावली मड़ई बिन्झे में बस्तर संस्कृति लोकरंग ग्रुप के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम बिन्झे के गांव की मेला समिति व ग्रामीणजनो के द्वारा मेला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर संस्कृति लोकरंग ग्रुप कोंडागांव अपनी सुपरहिट प्रस्तुति दी इस संस्था के डायरेक्टर व लोकगायक सिद्धार्थ महाजन अपने गीतों से लोगों को खूब झुमाया, जिससे ग्रामीण व युवा तालियों की गड़गड़ाहट व गीतों से झुम उठे और नाचने लगे तथा गांव के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सिद्धार्थ महाजन का कार्यक्रम दिन ब दिन प्रसिद्ध हो रहा है और उन्होंने कई सुपरहिट गीत बस्तर व छत्तीसगढ़ के लिए गाए हैं जो आज हिट है, सिद्धार्थ महाजन ने अपने प्रोग्राम के माध्यम से गांव गांव और लगातार चित्रकूट महोत्सव, नारायणपुर मावली मेला और कई बड़े-बड़े मंच महोत्सव में छ ग, गोंडी एवं कॉमेडी से भरपूर प्रस्तुति दी है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### दिनदहाड़े घर के बाहर हंसिया और चाकू से युवक पर हमला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े घर के बाहर युवक पर हंसिया और चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में



अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने आरोपित मुकेश निषाद और शकीब पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

घायल प्रकाश यादव निवासी रामसागरपारा पुरन दाल मिल गली ने पुलिस को बताया कि वह सेलटेक्स आफिस राजभवन के पास में भृत्य का काम करता है। शुक्रवार सुबह 10 बजे आफिस जाने के लिए घर से निकला। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले मुकेश निषाद और शकीब आए और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रकाश ने गाली-गलौच देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपितों ने अपने पास रखे हंसिया से हमला किया। प्रकाश की गर्दन में लग गई। इसके बाद उसने हंसिया को छीन लिया। इसी बीच आरोपितों ने अपने पास रखे चाकू से वार कर दिया, जिससे बाह, पीठ और गले में चोटें आई।

### सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के 11 जवान घायल

**कोंडागांव।** रतेंगा में सीआरपीएफजवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ये सभी जवान चुनावी ड्यूटी में कोंडागांव जा रहे थे। इस हादसे में 11 जवान और ड्राइवर घायल हुए हैं। ये सभी जवान 188 बटालियन के हैं। जवानों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा भेजा गया है। सभी जवान पुस्पाल कैम्प से रवाना हुए थे। रतेंगा अंधा मोड़ पर एम्बुलेंस रोड से नीचे उतरने से पलट गई। हादसे में घायल 7 जवानों को डिमरापाल मेडिलकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। फिलहाल सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### सट्टा पट्टी लिखते एक गिरफ्तार

**राजनांगगांव।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के सख्त निर्देश पर जिले में अवैध शराब, सट्टा-जुआ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जावे के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में 29 मार्च को थाना छुरिया क्षेत्रातंर्गत मुखबीर की सूचना से चन्द्राकर क्लिनिक के सामने स्थित कॉपलेक्स के पास एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिख रहा रहा है। सूचना के आधार पर थाना छुरिया पुलिस ने मौंके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय कुंभकार पिता स्व. मंगलु कुंभकार 31 साल निवासी वार्ड नंबर 12 अटल चौक छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 680 रूपये, सट्टा-पट्टी एवं डॉट पेन बरामद कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुंरिया में धारा 6 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# स्टॉपडेम में धक्का देकर दादा ने ले ली अपनी पोती की जान

## जानिए दादा ने क्यों उठाया यह खौफनाक कदम, पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दादा ने अपनी पोती की स्टापडेम में धक्का देकर हत्या कर दी। पांच साल की मासूम बच्ची स्टापडेम के पास नहाने गई थी इस दौरान पीछे से दादा पहुंचा और इस खौफ्नाक घटना को अंजाम दिया। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस एक्शन में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दादा अपने बेटे द्वारा अन्य समाज की लड़की से शादी करने के कारण नाराज था और इस वजह से बेटे के बच्चों से भी नफ्रत करता था। मामला जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।

कुनकुरी थाने से मिली जानकारी के अनुसार कदमकछार निवासी सुरेश राम ने अलग समाज की लड़की से शादी की। शादी के बाद दोनों की दो बेटियां हुई। सुरेश राम के दूसरे समाज की लड़की से शादी किए जाने के कारण



उसका पिता रंथु राम नाराज रहता था और हमेशा लडाई-झगडा करता है। रंथुराम को अपने बेटे व बहू के साथ ही उनके बच्चों से भी नफरत थी। रोज-रोज के लड़ाई झगड़े से परेशा सुरेश अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मुंबई चला गया और वहां रोजी मजदूरी कर अपने परिवार के साथ था।

### बड़ी बेटी को स्कूल में दाखिल कराने पहुंचा था गांव

मुंबई में रहते सुरेश राम की बेटी पांच साल की हुई तो स्कूल में दाखिले के लिए कागजात बनवाने वह अपने गांव पहुंचा। 13 मार्च को वह अपने घर ग्राम कदमकछार आकर रुका। सुरेश राम के आने के बाद उसके पिता रंथू राम का पुराना व्यवहार फिर से शुरू हो गया। उसे अपने बेटे और उसके बच्चों को लेकर इतना गुस्सा था कि रोज विवाद करता और घर से चले जाने को कहता। 26 मार्च को रंथु राम ने अपने बेटे से मारपीट भी की जिससे उसकी आंख में चोट आई। 27 मार्च की रात को भी विवाद हुआ तो परेशान होकर अपने दोस्त के घर दुलदुली चला गया और अपने बच्चों को रंथुराम के घर पर ही छोड़ दिया।

### स्टापडेम के पास दे दिया धक्का

इसके बाद दूसरे दिन 28 मार्च को सुरेश राम की बेटी सुबह करीब 8.00 बजे नहाने व ब्रश करने घर के पास में स्टाप डेम गई और वहां पानी के पास बैठकर खेल रही थी। इस दौरान रंथुराम पहुंचा और अपनी पोती को डेम के गहरे पानी में धक्का दे दिया। डेम के पानी में डूबने से बच्ची की मौत हो गई। वहीं इसकी जानकारी मिलने के बाद सुरेश राम व उसकी पत्नी घर पहुंचे और इसके बाद इसकी शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी रंथु राम को गिरफ्तार का शुक्रवार को जेल भेज दिया।

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एएसपी अनिल सोनी व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कुनकुरी विनोद कुमार मण्डावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुनकुरी मल्लिका तिवारी, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, आरक्षक पूनम यादव, प्रमोद रौतिया, प्रवीन टोप्पो आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस मामले को सुलझाने वाले सभी पुलिस कर्मियों को एसपी द्वारा नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

# सूने मकान से लाखों की चोरी छट्ठी कार्यक्रम में गया था परिवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। शिवपारा वार्ड 33 में रहने वाला एक परिवार छट्ठी समारोह में शामिल होने फिंगेश्वर गया हुआ था और इधर चोरों ने मौका देख सूने मकान मे सेंधमारी कर दी। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर अलमारी से लाखों के सोने चांदी के जेवर व नगदी पर हाथ साफकिया। घर का ताला टूटने की जानकारी के मिलने के बाद मकान मालिक पहुंचा और उसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर 33 शिवपारा दुर्ग निवासी प्रवीण सेन के घर पर सेंधमारी हुई है। प्रवीण सेन की चंडी मंदिर के पास प्रवीण सेलून के नाम दुकान है। 27 मार्च की सुबह वह अपने परिवार के साथ बहन के घर छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम फिंगेश्वर जिला गरीयाबंद गया हुआ था। 29 मार्च को प्रवीण सेन कर भतीती प्राची सेन गाडी लेने उसके घर गई तो



देखा कि मकान के अंदर गेट का ताला टूटा हुआ है। जैसे ही यह पता चला तो प्रवीण सेन वापस अपने घर लौटा।

घर लौटने के बाद उसने देखा कि कमरे के अंदर समान बिखरा पडा था आलमारी का ताला एवं लॉकर टूटा हुआ मिला। अलमारी रखे पुरानी इस्तेमाली जेवर जिसमें सोने का हार, सोने की चैन, 1 सोने बिंदिया, 1 सोने का नथ 1 सोने की अंगूठी, सोने का झुमका, 3 सोने की इयरिंग, 3 जोडी सोने का बाली, 5 नग सोने की फुली एवं नथनी, 2नग सोने का लाकेट, 2 जोडी चांदी की पायल, एक चांदी की करधन, 7 जोडी चांदी का बिछिया, फिलिप्स का होमथिएटर, सीसीटीवी का डीबीआर व नगदी 10,000 गायब मिले। इस पूरे मामले में प्रवीण सेन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# रायपुर कोर्ट परिसर से चकमा देकर कैदी हुआ फरार, दो आरक्षक सस्पेंड

### पुलिस की बड़ी लापरवाही

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजधानी रायपुर के कोर्ट परिसर में पुलिस की गिरफ्त से एक कैदी फरार हो गया। बताया जाता है कि पुलिस जब कैदी को कोर्ट के लॉकअप से कोर्ट रूम ले जा रही थी तभी कैदी ने पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। इस गंभीर मामले में रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने लापरवाही बरतने वाले दो आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।





बताया जाता है कि दो महीने पहले ही रायपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के अहमदनगर के रहने वाले प्रदीप आदिनाथ को नशे के कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया था। विचाराधीन कैदी आदिनाथ को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। उस दौरान कोर्ट परिसर के लॉकअप में बंद किया गया था। ड्यूटी पर तैनात दो कांस्टेबल डागेश्वर गायकवाड़ और सतपाल साहू उसे पेशी के लिए कोर्ट रूम लेकर जा रहे थे। इसी दौरान शातिर बंदी ने दोनों पुलिस वालों चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने पहले उसकी खोजबीन की, जब पता नहीं चला तो घटना की सूचना थाने में दी। मामले में पुलिस ने फरार बंदी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# आधीरात घर में घुसे चार नकाबपोश, बुजुर्ग दंपति से मारपीट कर लूट लिए लाखों रुपए के गहने, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति से लूट का मामला सामने आया है। घटना 28 व 29 मार्च की दरमियानी रात की बताई जा रही है। बुजुर्ग दंपति अपने घर पर सोए थे। आधीरात को चार नकाबपोश घर में घुसे और डंडे से मारपीट कर लाखों के गहने व नगदी लूटकर ले गए। इस मारपीट में बुजुर्ग दंपति को चोट भी आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने धारा 394, 457, 34 के तहत मामला दर्ज किया। फिलहाल लुटेरों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार धमधा थाना अंतर्गत ग्राम पेण्ड्री(गोबरा) में हाई स्कूल के सामने अपने 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला बैसाखिन साहू अपने पति गन्नू राम साहू के साथ प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत बने आवास में रहती है। रिटायर्ड दंपति पिछले 10 वर्षों से पेंशन





पर गुजारा कर रही है। दंपति के दो बेटे हैं जो उनकी ढाई एकड़ जमीन पर खेती करते हैं वे बस्ती में अलग मकान में रहते हैं।

घटना 28 मार्च की रात को बैसाखिन साहू अपने पति के साथ नए मकान में थी। खाना खाने के बाद दोनों सो गए। आधी रात को घर के बाहर हलचल हुई। चुंकि मकान नया बना है तो खिड़की में दरवाजा नहीं था बल्कि ईंटों से ढक दिया गया। इस बीच खिड़की की ईंटे हटाकर चार लोग घर के भीतर दाखिल हुए। इनमें से एक ने बुजुर्ग महिला का मुंह दबा दिया। बीच बचाव करने पति आया तो उसके भी एक युवक ने पकड़ लिया। घर में घुसे चारो चोर नकाब में थे और बांस के डंडे से मारपीट भी की।

मारपीट करते हुए एक ने बुजुर्ग महिला के गले से सोने की 5 नग पत्ती 1 तोला, नाक की सोने की फुल्ली 1 ग्राम, दोनों कान से सोने का खिनवा (टाप्स) 3-3 ग्राम, दोनों हाथ से चांदी की ऐंठी 20 तोला, कमर से चांदी का करधन 40 तोला ,पैर से चांदी का लच्छा 40 तोला व घर पर रखा 10000 रुपए नगदी भी ले भागे। मारपीट के कारण बुजुर्ग महिला के पति के सिर में चोट आई। चोरों के भागने के बाद महिला ने पड़ोसी को आवाज देकर बुलाया और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया। महिला का प्राथमिक उपचर हुआ लेकिन उसके पति को दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। इधर घटना की सूचना के बाद धमधा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल उनकी तलाश की जा रही है।

# अवैध शराब माफियाओं पर एक्शन, वाहन सहित दो गिरफ्तार

### आबकारी विभाग की कार्रवाई

**जीपीएम।** अवैध तरीके से कच्ची शराब बनाने वाले व्यक्तियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने दो प्रकरणों में 56 लीटर कच्ची महुआ शराब और 585 किलोग्राम महुआ वाहन जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पेंड्रा से सटे बंधी गांव में लगातार





कच्ची अवैध महुआ शराब बनाने और उसके बिक्री करने की शिकायत लगातार आबकारी विभाग के उप निरीक्षक दीपक सिंह ठाकुर को मिल रही थी। जिसके बाद आबकारी विभाग भी मौके की तलाश में था, तभी आबकारी विभाग को मुखबिरों से सूचना मिली कि पेंड्रा के बंधी गांव में रहने वाले रमेश साहू और सुजीत साहू बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से देशी महुआ शराब बना रहे हैं।

जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम उप निरीक्षक दीपक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पेंड्रा थानाक्षेत्र के बंधी गांव में दबिश देते हुए रमेश साहू और सुजीत साहू के ठिकाने पर दबिश दी और वहां से भारी मात्रा में देशी कच्ची महुआ शराब और महुआ के वाहन को जब्त किया है। मामले में आबकारी विभाग दो प्रकरणों में 56 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब को जब्त किया। जबकि 585 किलोग्राम महुआ का वाहन भी आबकारी विभाग के द्वारा जब्त किया है।

मामले में रमेश साहू, सुजीत साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने धारा -34(1) (क,ख,च), 34(2) , 59(क) के तहत मामला दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेलर के चपेट में आकर 6 मवेशियों की मौत

**कोरबा।** बिजली घरों से रोज कई लाख टन निकलने वाली राख के उत्सर्जन की प्रक्रिया में न केवल चुनौतियां हैं बल्कि कमाई भी है। प्रतिस्पर्धा के फेर में राखड़ ले जाने वाली गाडियां स्पीड पर नियंत्रण नहीं कर रही हैं। इसी चक्कर में 6 मवेशियों की मौत हो गई। जिले की मुख्य सड़क पर दौड़ने वाली भारी वाहनों के कारण आम जनता के साथ ही मूक पशुओं की जान भी खतरे में पड़ गई है। रोजाना हादसे हो रहे हैं और रोजाना किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फिर से गोढ़ी राखड़ बांध के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने 6 मवेशियों को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। कोरबा जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य मार्ग पर दौड़ने वाली भारी वाहनों की चपेट में आने से आए दिन किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फिर से गोढ़ी राखड़ डेम के आगे मुख्य मार्ग पर अज्ञात भारी वाहन ने सडक पर मौजूद 6 मवेशियों को कुचल दिया ,जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मुख्य सडक के किनारे जहां तहां मवेशियों के शव पड़े हुए है। इस घटना को लेकर गौ-सेवकों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है।

## पुलिस से बचने सिलेण्डर पर बैठ जाती, अपने ही बच्चे को नुकसान पहुंचाने की देती थी धमकी, अब फेल हुआ प्लान

# ड्रग तस्कर और कथित लेडी डॉन पति के साथ गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। निजता अभियान के तहत कबीर नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में कथित लेडी डॉन और उसके पति को एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। लेडी डॉन अपने आपको चोटिल करने के साथ बच्चे को छत से फेंकने की धमकी देते हुए पुलिस को उल्टा फंसाने की धमकी दे रही थी। बावजूद इसके पुलिस ने महिला और उसके पति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।



पुलिस के मुताबिक, पुराने नारकोटिक्स के मामले में सोहेल खान, मुस्कान रात्रे तथा उसके पति प्रियेश उर्फ प्रिंस यदु की तलाश थी। पुलिस को मुस्कान तथा प्रियेश के कबीर नगर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस दोनों पति- पत्नी को गिरफ्तार करने उनके ठिकाने पहुंची। पुलिस को आता देख मुस्कान ने अपने पालतू कुत्ते को उनके पीछे छोड़ दिया। बावजूद इसके पुलिस मुस्कान तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान मुस्कान ने अपने आपको चोटिल कर अपने बच्चे को छत से फेंक देने की धमकी देते हुए पुलिस से बचने की कोशिश की। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लेडी डॉन को घेरकर उसके कब्जे से बच्चे को मुक्त कराया। फिर उसे पति के साथ गिरफ्तार किया।

### पुलिस से बचने अपनाती थी कई हथकंडे...

पुलिस के अनुसार मुस्कान रात्रे पूर्व में गिरफ्तारी से बचने कई तरह के हथकंडे अपना चुकी है। इसके पूर्व मुस्कान को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी, तब उसने गैस सिलेंडर में लगे पाइप का नॉब खोलकर आग लगाने के साथ अपने बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस पूरी तैयारी के साथ मुस्कान तथा उसके पति को गिरफ्तार करने पहुंची।

### कई थानों में दर्ज हैं अपराधिक प्रकरण

पुलिस के अनुसार मुस्कान के खिलाफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, एनडीपीएस सहित कई अन्य मामलों में 17 से ज्यादा प्रकरण दर्ज है। मुस्कान के खिलाफ पड़ोसी जिलों में अपराध दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार मुस्कान तथा उसके पति की क्राइम हिस्ट्री को देखते हुए उन्हें पूर्व में मिली जमानत को रद्द करने कोर्ट में आवेदन लगाया जाएगा।

### नाबालिगों से करवाती थी तस्करी

पुलिस के अनुसार मुस्कान रात्रे मादक पदार्थ बेचने अपने आपको लेडी डॉन कहलाना पसंद करती है। मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने मुस्कान नाबालिग लड़कों को रोजी में हायर करती थी। मुस्कान तथा उसका पति कम उम्र के लड़कों को गांजा के साथ अन्य तरह के प्रतिबंधित मादक पदार्थ खपाने का काम करती थी।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी



RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस





फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### वीडियो निगरानी टीम के लिए दल प्रभारी नियुक्त

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है। वीडियो निगरानी दल प्रभारी के साथ वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62-पाटन के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत पाटन सौरभ वाजपेयी को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके साथ वीडियोग्राफर पुरेन्द्र तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63-दुर्ग ग्रामीण के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत उतई राजेन्द्र नायक दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री दुष्यंत कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64-दुर्ग शहर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई रितेश कुमार नायक को प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री ईदुल हसन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65-भिलाई नगर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय रिसाली सतीश कुमार गोटा, इनके वीडियोग्राफर गुलशन सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

### आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट दुर्ग के पदम बरडिया अध्यक्ष बने, विनोद गोलेछा महामंत्री

**दुर्ग।** आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट दुर्ग की साधारण सभा विगत दिनों ऋषभदेव परिसर दुर्ग में संपन्न हुई जिसमें सभी पदाधिकारी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसमें सीए पदम बरडिया अध्यक्ष मनोनित किया गया। विनोद गोलेछा को महामंत्री पद हेतु मनोनित किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु अमृत लोढ़ा,सुरेश कोठारी, मनीष बोथरा का मनोनयन हुआ।कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संतोष दुग्गड को दिया गया। सहमंत्री पद हेतु महावीर लोढ़ा,राजेश मालू , रितेश बुरड़ का नाम सर्वसम्मति से किया गया। अत्यंत हर्ष एवं उत्साह के वातावरण में गुरुदेव ऋषभसागर के निर्देशों का पालन करते हुए संघ के अध्यक्ष महेंद्र दुग्गड ने सर्वसम्मति से तय किए गए नामों को सभा के समक्ष रखा,जिसे सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि से मंजूर कर मनोनयन की प्रक्रिया को पूर्ण किया। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी चुने जाने पर जैन समाज के विभिन्न संघ श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, समरथ जैन संघ, सुधर्म जैन श्रावक संघ तेरापंथ संघ दुर्ग भिलाई, साधुमार्गी जैन संघ के प्रमुख पदाधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारी को अपनी बधाइयां प्रेषित की है।

### सीआईएसएफ आयोजित रक्तदान शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉक्टर जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर एके साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु सीआईएसएफ उतई द्वारा 28 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल प्रभारी और अधिकारी नेहा नलवाया बाफ्ना के मार्गदर्शन में काउंसलर एंथोनी, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह, लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, दिनेश, अमनशील, काजल, पैरामेडिकल छात्र नम्रता, सीआईएसएफ से डॉ. इकबाल और जीवन दीप समिति से प्रशांत डोनगांवकर, दिलीप ठाकुर, सतीश चंद्र सुराणा आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।

महंगाई, बेरोजगारी से पूरा देश परेशान, लोकसभा चुनाव में मतदाता देंगे भाजपा को करारा जवाब

# दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीतेगी कांग्रेस : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा है कि पिछले 10 साल के एनडीए सरकार के कार्यकाल में देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ी है। महंगाई के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम बेतहाशा बढ़े हैं। चावल-दाल, तेल, शक्कर से लेकर हर खाद्यान्न सामग्री के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। बेतहाशा महंगाई का जवाब अब आम जनता लोकसभा चुनाव में देगी। केंद्र की एनडीए सरकार को देश के मतदाता जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।**



वोरा ने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियों के कारण देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। रेल सेवाएं ठप पड़ी है। किसान परेशान हैं क्योंकि कृषि के लिए रासायनिक खाद, उपकरण आदि के दाम कई गुना बढ़ा दिये गए हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन 10 साल में किसान बदहाली के कगार पर खड़े हैं। मोदी सरकार के कारण देश में बदहाली बढ़ी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

वोरा ने कहा कि देशवासी अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं। पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा करते हुए उन्होंने एकता और सद्भावना का संदेश दिया। राहुल गांधी ने कई महीनों से जल रहे मणिपुर राज्य की पीड़ित जनता के जख्मों पर मरहम भी लगाया है। इससे पहले इतनी लंबी यात्रा कभी किसी नेता ने नहीं की। देशहित में राहुल गांधी की दूरगामी सोच और उनके विचारों से आम जनता प्रभावित है। कांग्रेस ने आजादी दिलाने के लिए असंख्य बलिदान और असीमित संघर्ष किया। आजादी के बाद देश की तरक्की के अनेकों सोपान तय करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भूपेश सरकार ने जनहितैषी योजनाओं को लागू किया जिसका फायदा जनसामान्य को मिला। फ्री में इलाज, सस्ती दवाओं की दुकान, मोबाइल क्लीनिक से घर के पास ही इलाज सुविधा, बिजली बिल हाफ, बेरोजगारी भत्ता की सौगात देने के साथ ही स्वामी आत्मानंद स्कूल, खेल मैदान, शिक्षा का स्तर बढ़ाने और शहरों और ग्रामों का समग्र विकास करने में अभूतपूर्व कार्य कराए हैं। भाजपा सरकार ने भूपेश सरकार की ज्यादातर योजनाओं को बंद कर दिया है। विकास कार्य भी ठप पड़े हैं। आम जनता भाजपा सरकार का वास्तविक चेहरा अच्छी तरह देख-समझ चुकी है। लोकसभा चुनाव में इसका असर देखने मिलेगा। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को मतदाता विजयी बनाएंगे।

## मर्चेन्ट मिल विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मर्चेन्ट मिल विभाग में, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एम के गोयल के मार्गदर्शन में 29 मार्च 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एम के गोयल ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा, की महात्मा गाँधी जी द्वारा सिखाये गए स्वच्छता के पथ पर चलते हुए मर्चेंट वायर रॉड मिल ने स्वच्छता अभियान का आयोजन किया है। इस स्वच्छता अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखना है एवं प्रत्येक व्यक्ति को दृढ़ इच्छा से स्वच्छता को अपने दैनिक दिनचर्या में अपनाकर अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।

हम सभी को एकजुट होकर इसके लिए कार्य करना होगा तभी स्वच्छता के उद्धेश्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद मर्चेंट वायर रॉड मिल के कैंटीन एवं श्रम मंदिर के आसपास की सफाई की गई। इस अवसर पर मर्चेन्ट मिल विभाग के अनुभाग प्रमुख, महाप्रबंधक हरिरमानी, सहायक महाप्रबंधक रमाकांत गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी के पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अभिनव पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं डॉ. जेपी मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू, उल्टी-दस्त, पीलिया, तथा वेक्टर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया के रोकथाम व बचाव हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा शहरी खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों, मैदानी स्तर के ए.एन.एम., स्टाफ नर्स, एम.पी.डब्लू, मितानिनों को निर्देशित कर तैयारियां की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत जिले के महामारी संभावित ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें कुल 31 (विकासखंड पाटन-16, निकुम-03, धमधा-12) ग्राम/क्षेत्र शामिल हैं। महामारी से संबंधित राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश अनुरूप सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के विभाग प्रमुखों एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को उक्त ग्राम/क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने हेतु एवं संक्रामक बीमारियों को आईएचआईपी ऑनलाईन पोर्टल में रियल टाईम डाटा एंट्री किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। रैपिड रिस्पांस टीम जिला स्तर पर 01 एवं विकासखंड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर 38 टीम गठित हैं, कुल टीम की संख्या 39 है। उपलब्धता एवं जलस्त्रोतों का शुद्धिकरण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

प्रत्येक ग्राम/बसाहट के पेय जल स्त्रोतों की पहचान तथा मानचित्रीकरण कराने एवं नियमित रूप से जलशुध्दिकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आम दिनों में कुओं में सप्ताह में एक बार ब्लीचिंग पाउडर डलवाने तथा जल जनित संक्रामक रोगों के प्रकोप होने की स्थिति में प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्र के हर कुएं का ब्लीचिंग पाउडर से जलशुध्दिकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# प्लेट मिल विभाग ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर रचे नये कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। 29 मार्च 1983 को प्रथम प्लेट रोलिंग करने के पश्चात् राष्ट्र को समर्पित भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने नित नई उचांईयो को प्राप्त करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किया हैं। 29 मार्च 2024 को प्लेट मिल ने प्रथम पाली के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रतिबद्धता व सहयोगी विभाग आरसीएल, पीपीसी, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के सहयोग से एक ही पाली में 435 स्लेब की रिकॉर्ड रोलिंग करके, 23 अक्टूबर 2023 को 422 स्लेब की रोलिंग के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है।**




साथ ही प्रथम पाली में 2630 टन की रिकॉर्ड रोलिंग टनेज कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पूर्व 21 अक्टूबर 2014 में 2623 टन रोलिंग टनेज का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स)अंजनी कुमार ने प्लेट मिल पहुँचकर, प्लेट मिल बिरादरी को स्थापना दिवस एवं एक ही पाली में रिकॉर्ड रोलिंग के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। प्लेट मिल के स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन, मिल के प्रवेश द्वार के सम्मुख हुआ, जहाँ प्लेट मिल द्वारा निर्मित प्रथम प्लेट रखी हुई है। इस अवसर पर, अंजनी कुमार ने इसी प्रथम प्लेट के समक्ष केक काट कर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि इस तरह के नये कीर्तिमान बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जिसमें सुरक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता सर्वोपरि हो।

मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे ने कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार के दिशा-निर्देशों व सहयोग के लिये, प्लेट मिल बिरादरी के साथ-साथ सभी सहयोगी विभागों को धन्यवाद दिया।

जिनके कारण प्रथम पाली में 435 स्लेब व 2630 टन रोलिंग सम्भव हो सकी। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दास गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एण्ड यू) श्री असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) तुषार कान्त, मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (एसआरएम) तन्मय सेन, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेफी चेयरमेन नरेन्द्र बंछोर, सचिव (ऑफिसर्स एसोसिएशन) परमिन्दर सिंग व यूनियन प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंग सहित प्लेट मिल के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सम्पत्ति कर जमा करने की कल है अंतिम तारीख

### 1 अप्रैल से लगेगा 18 फीसदी अधिभार और 1000 शास्ती शुल्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने नागरिकों की सुविधा के लिए सम्पत्ति कर, भूभाटक एवं करों के भुगतान के लिए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काऊंटर को खुले रहेंगे।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम मुख्यालय सुपेला में सम्पत्तिकर, भूभाटक, जल कर, दुकान किराया की राशि जमा करने के लिए अलग से काऊंटर स्थापित किया है। जहाँ नागरिक अपने भवनों के सम्पत्तिकर राशि का गणना करवा कर माँग अनुसार राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। उसी प्रकार सभी जोन कार्यालय नेहरूनगर, वैशाली नगर, मदर टेरेसा नगर, शिवाजी नगर, खुर्सीपार में भी टैक्स जमा करने हेतु काऊंटर खुले है। निगम को देय करों के भुगतान की आनलाइन सुविधा भी नागरिकों के लिए प्रारंभ की गई है। वेबसाईट https//Chhattis hgarhmu-nicipal.com/ nagarnigam/citizen/ के माध्यम से नागरिक घर बैठे निगम के करों का भुगतान कर सकते हैं। ज्ञात हो कि 31 मार्च के बाद सम्पत्तिकर पर 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रूपये शास्ति शुल्क की राशि अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निगम प्रशासन ने भिलाई निगम क्षेत्र के भवन मालिकों से अपील किया है कि सम्पत्ति कर राशि का भुगतान 1 अप्रैल से पूर्व कर लें ताकि अधिभार तथा शास्ति शुल्क की राशि के भुगतान से बच सकें।




## मर्चेंट मिल ने एंगल उत्पादन में स्थापित किया नया कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल ने 28 मार्च 2024 को 75 ग 75 ग 6 मिमी आयाम और प्रोफाइल में 2,005 टन एंगल को रोल करने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो 4 फरवरी 2024 को इसी प्रोफाइल में उत्पादित 1,910 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ से अधिक है।

विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए विभिन्न आयामों में एंगल् और चैनल सहित उत्पादों की लाइट स्ट्रक्चरल रेंज तैयार करने के अतिरिक्त, मर्चेंट मिल टीएमटी बार के हाई कोरोजन रजिस्टेंस एचसीआरएम ग्रेड, टीएमटी बार में 550 डी ग्रेड, टीएमटी (एसईक्यूआर-550 डी) और टीएमटी (एफई-500डी) सहित कई स्पेशल वैल्यू एडेड स्टील ग्रेड की भी रोलिंग करता है। उल्लेखनीय है कि मर्चेंट मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक की अवधि के दौरान 6.07 लाख टन टीएमटी बार और लाइट स्ट्रक्चरल उत्पादों का उत्पादन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज उत्पादन से अधिक है।

# मतदाता जागरूक अभियान: एक किलोमीटर लंबी बाइक रैली, मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागृत करने नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा के नेतृत्व में बाइक रैली शुक्रवार को निकाली गई। 300 से अधिक बाइक सवार समेत अन्य वाहन सवार ने आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप दुर्ग के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन व दुर्ग ग्रामीण के ए.आर.ओ. मुकेश रावटे विशेष रूप से उपस्थित थे।**



7 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली। रैली में शामिल वाहनों में अवश्य मतदान करे का फ्लैक्स लगाया गया था। आयुक्त के नेतृत्व में निकाली गई रैली में 300 से ज्यादा बाइक, जागरूकता रथ के अलावा 100 से ज्यादा मतदाता जागरूकता नारे लिखे जन स्वास्थ्य विभाग के वाहनों को शामिल किया गया। रैली निगम मुख्य कार्यालय से निकली, और कल्याणी मंदिर,लक्ष्मी नगर, रिसाली बस्ती, श्याम नगर, आशीष नगर, प्रगति नगर होते हुए रिसाली सेक्टर समेत लगभग 13 वार्डो में भ्रमण करते वापस दशहरा मैदान रिसाली पहुंची।

### रैली में जवान हुए शामिल

रैली में बी.एस.एफ और सी आई एस एफ के 50 से अधिक जवान के अलावा 100 आगनवाड़ी कार्यकर्ता, साहिका शामिल हुई। इस दौरान सभी मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखे टी शर्ट, कैप पहने थे और हाथों में नारा लिखा तख्ती लिए हुए थे।

### बनाई श्रृंखला

समापन अवसर पर दशहरा मैदान में रैली में शामिल लोगों ने मतदान करने का संदेश दिया। मतदान करने मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला बनाते स्वीप दुर्ग का स्लोगन लिखा। इसके बाद मतदान करने के लिए संकल्प भी लिया।

*स्वीप रिसाली के तहत दुर्ग लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागृत करने जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे है। शुक्रवार को दो घंटा से ज्यादा समय तक बाइक से वार्ड भ्रमण किया गया।अंत में निर्भीक मतदान के लिए शपथ और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया।*

***मोनिका वर्मा***
*आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली*

# नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की शानदार शुरुआत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शनदार शुरुआत की है। प्रतियोगिता के पहले ही मैच में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर से लेकर महिला व सीनियर टीम ने अपने पहले मुकाबले जीत लिए हैं। इस जीत के साथ ही छत्तीसगढ़ की टीमों ने प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया है।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार बताया कि भारतीय साइकल पोलो महासंघ द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में 44वी सीनियर पुरुष, 42वी जूनियर बालक, 38वी सब जूनियर बालक तथा 24वी सीनियर महिला चैंपियनशिप का आयोजन 28 से 30 मार्च किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ की प्रत्येक वर्ग ने शानदार शुरुआत की हैं। आयोजन के पहले दिन ही पहला मैच सीनियर पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ व जम्मू कश्मीर में मध्य खेला गया। यह मैच छत्तीसगढ़ की टीम ने 0 के मुकाबले 9 गोल कर आसान जीत हासिल की।

इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ व केरल हाई कोर्ट के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में छत्तीसगढ़ के जूनियर बालकों ने 5-0 से जीत दर्ज की। जूनियर बालकों का दूसरा मैच केरल के साथ हुआ। इस मैच में भी छत्तीसगढ़ के बालकों ने शानदार खेल दिखाते हुए 11-0 से जीत हासिल की।

इसी कड़ी में सीनियर महिला टीम ने भी अपना पहला आसानी से जीत लिया। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ और केरल हाई कोर्ट के बीच मैच हुआ। इस मैच में छत्तीसगढ़ ने 6-1 जीत दर्ज की। इसी प्रकार सब जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने केरल हाई कोर्ट टीम को 4-0 से हराया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950